# मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, बुधवार, 13 नवंबर 2024

संवत 2081, कार्तिक शुक्लपक्ष 13- मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 67 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 जनजातीय हितों का संरक्षण एवं संवर्द्धन

टीम इंडिया के लिए एक बड़ी खुशखबरी रणजी ट्रॉफी से वापसी करेंगे मोहम्मद शमी 6


झारखंड विस चुनाव 2024

# 43 विस सीटों पर दोपहर एक बजे तक 46.25% मतदान







मेट्रो रेज

**रांची:** झारखंड की 81 सदस्यीय विधानसभा के पहले चरण के लिए आज चुनाव हो रहे हैं। पहले चरण में राज्य की 43 सीट पर सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होगा। कुल 2.60 करोड़ मतदाताओं में से 1.37 करोड़ मतदाता मतदान करेंगे। पहले चरण के तहत 43 विधानसभा सीटों पर सुबह 7 बजे से वोटिंग जारी है, जो शाम 5 बजे तक चलेगी। सभी विधानसभा सीटों पर दोपहर एक बजे तक 46.25 % मतदान हुआ. बहरागोड़ा में 53.86%, बरही में 48.80%, बड़कागांव में 46.81%, बरकट्ठा में 46.80%, भवनाथपुर में 46.48%, बिश्रामपुर में 43.98%, बिशुनपुर में 51.95%, चाईबासा में 47.01%, चक्रधरपुर में 46.30%, चतरा में 44.39%, छतरपुर में 44.69%, डाल्टेनगंज में 44.23%, गढ़वा में 47.03%, घाटशिला में 53.87%, गुमला में 50.71%, हटिया में 39.00%, हजारीबाग में 42.56%, हुसैनाबाद में 43.53%, ईचागढ़ में 50.42%, जगनाथपुर में 46.91%, जमशेदपुर (पूर्वी) में 36.92%, जमशेदपुर (पश्चिमी) में 35.93%, जुगसलाई में 47.70%, कांके में 41.66%, खरसावां में 53.68%, खूंटी में 50.77%, कोडरमा में 47.33%, कोलिबिरा में 52.02%, लातेहार में 50.32%, लोहरदगा में 51.53%, मझगांव में 48.65%, मांडर में 46.62%, मनिका में 50.51%, मनोहरपुर में 43.24%, पांकी में 44.77%, पोटका में 47.27%, रांची में 33.65%, सरायकेला में 49.10%, सिमरिया में 47.32%, सिमडेगा में 49.48%, सिसई में 53.59%, तमाड़ में 47.12% और तोरपा में 52.05% मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया है।

## सीएम हेमंत सोरेन ने पत्नी कल्पना संग डाला वोट



मेट्रो रेज

**रांची:** हटिया विधानसभा क्षेत्र के संत फ्रांसिस स्कूल हरमू में दिन के 11:35 बजे राज के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी धर्मपत्नी कल्पना सोरेन मतदान के लिए पहुंची। उन्होंने संत फ्रांसिस स्कूल हरमू के बूथ संख्या 290 में अपना मतदान किया। इसके अलावा पार्टी के कई लोग हेमंत सोरेन के साथ पहुंचे थे। हालांकि इससे पहले ही हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया एक्स पर लोगों से मतदान करने की अपील की।

मतदान के बाद मुख्यमंत्री ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि पूरे झारखंड में उत्साह का माहौल है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी को मतदान करना चाहिए, मतदान हमारा अधिकार है। झारखंड में इंडिया गठबंधन की स्थिति मजबूत है, गठबंधन का परचम लहरेगा।


## सरायकेला में चंपाई सोरेन ने परिवार के साथ किया मतदान



सरायकेला विधानसभा के प्रत्याशी सह पूर्व सीएम चंपाई सोरेन ने अपने परिवार संग मतदान किया। वह इस बार बीजेपी के टिकट पर चुनावी मैदान में हैं, उनके सामने झामुमो के गणेश महली है।



राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने किया अपने मताधिकार का प्रयोग।

## न्यूज ब्रीफ

### एकादशी जेउठानी को लेकर जागरण व भजन



**मुरीः** सिल्ली दुर्गा बाडी में एकादशी देउठानी को लेकर जागरण एवं भजन संध्या सम्पन्न हुआ। जिसमे भजन मंडली द्वारा कई भक्ति आधारित भजन किए गए। भक्ति भजन श्रवण करने के लिए स्थानीय भक्तों की महिला मंडल पहुंच कर श्रवण किया। जिसमे माडावारी एवं बंगाली समाज की महिला थी। महिलाओं में रिंकी, सुनीता जलान, प्रतिमा कर, ज्योति देवी ने पूजा को लेकर सक्रिय भंडारे एवं प्रसाद वितरण में योगदान दिया।पुरे कार्यक्रम में पंडित पुरूषोत्तम मिश्रा ने बताया कि जो भक्त श्रध्दा पूर्वक एकादशी व्रत कर कथा का श्रावण करते हैं उनको सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। पूर्वजों की आत्मा की शांति प्राप्त होती है। इस पर्व में महिलाओं द्वारा उपवास रखा गया। शालिग्राम के रुप में बिष्णु भगवान की वृन्दा के साथ तुलसी विवाह संपन्न हुआ।

### मतदान मुद्रा पर नहीं, मुद्दे पर होगाः देवेंद्रनाथ



**मुरीः** सिल्ली विधानसभा सोनाहातू प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में प्रत्याशी देवेंद्र नाथ महतो ने क्षेत्र भ्रमण किया और राज्य में नए बदलाव को लेकर मतदान करने का अपील किया। सोनाहातु प्रखंड के हारीन, सोनाहातु, जामुदाग, तेतला, एवं तेलवारी पंचायत में जनसंपर्क किया। देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के संपूर्ण विकास के लिए इस बार बदलाव की राजनीति होनी चाहिए। मुद्रा की राजनीति नहीं बल्कि मुद्दा की राजनीति होनी चाहिए। जनता समझदार हो चुके हैं। अवश्य ही मतदान का सदुपयोग करेंगे। कैंची छाप में वोट देकर भ्रष्टाचार से मुक्त करें।

### सिल्ली की तकदीर व तस्वीर बदल दूंगाः धनपति महतो



**सिल्ली :** सिल्ली विधानसभा के निर्दलीय प्रत्याशी धनपति महतो ने मंगलवार को पतराहातु बड़ाचांगडू छोटाचांगडू बंता हजाम समेत कई गांवों में चुनावी जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने लोगों से एक बार सेवा करने का मौका देने की अपील किया। महतो ने कहा वर्तमान विधायक सुदेश महतो 20 साल से यहां के विधायक हैं लेकिन यहां विकास का कोई काम नहीं हुआ है सिर्फ खुद का विकास किया है, शिक्षा हरियाली और विकास इनका नारा था, इन्होने मॉडल विधानसभा बनाने की बात कही थी बताये किस किसान के खेत में पानी पहुंचाया । जब किसान के लिए काम हुआ ही नही तो हरियाली कहां से आयेगा। शिक्षा का क्षेत्र में काम होता तो प्राइवेट स्कूलों की संख्या कैसे बढ़ रहा है। सड़क, बिजली और स्वास्थ्य का क्षेत्र में तो बुरा हाल है 15- 20 साल पहले जो सड़कें पुल पुलिया स्वास्थ केंद्र भवन आदि बना है वो दम तोड़ रहा है जर्जर हो गया है यहां केवल विकास के नाम पर लूट हुआ है। लोगों से जानकारी मिल रहा है आजसू पार्टी के एजेंट रात को पैसा बांट रहे है, उन्होंने कहा सिल्ली की जनता एक बार मौका दें मैं सिल्ली विधानसभा क्षेत्र का तकदीर और तस्वीर दोनों बदल दूंगा।

### बाप प्रत्याशी अनिल सिंह मुंडा ने चलाया चुनावी जनसंपर्क अभियान

**सिल्लीः** भारतीय आदिवासी पार्टी प्रत्याशी अनिल सिंह मुंडा ने सिल्ली प्रखंड अंतर्गत अजयगढ़ बुढ़ाबेहरा में चुनावी जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान मुंडा ने अपना चुनाव चिन्ह हॉकी बॉल छाप में बटन दबाकर भारी मतों से जीत दिलाने का अपील किया। मुंडा ने अगर जनता सेवा करने का मौका देती है तो जल जंगल जमीन को सुरक्षित रखने, प्रखंड सह अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार पर रोक लगाने तथा थाना में गरीबों के साथ जो दुर्व्यवहार किया जाता है उस पर अंकुश लगाने का प्रयास करूंगा। साथ ही सिल्ली में बर्षो से भय का जो माहौल बना है उसको शांति में बदलने का भी प्रयास करूंगा।

### झामुमो नीत गठबंधन सरकार घुसपैठियों को संरक्षणदे रही, इसे उखाड़ फेंकेंः हिमंत

रांचीः झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नीत गठबंधन सरकार पर बांग्लादेशी घुसपैठियों को ह्यसंरक्षणह्न देने का आरोप लगाते हुए असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को मतदाताओं से राज्य सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए एकजुट होने की अपील की।

रांची जिले के खिजरी में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शर्मा ने दावा किया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन वर्ष 2019 के चुनाव से पहले लोगों से किए गए वादों को पूरा करने में विफल रहे हैं। उन्होंने दावा किया, झामुमो के नेतृत्व वाली सरकार वोट बैंक की राजनीति के लिए बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण देती है। घुसपैठ के कारण हिंदू और आदिवासी आबादी घट रही है। साहेबगंज में मुस्लिम आबादी 35 प्रतिशत तक पहुंच गई है।

शर्मा ने आरोप लगाया कि घुसपैठिए आदिवासी महिलाओं से शादी कर रहे हैं और उनकी जमीन हड़प रहे हैं। उन्होंने कहा, ह्यह्यहम घुसपैठियों को भूमि हस्तांतरण रोकने के लिए एक कानून लाएंगे। मैं मतदाताओं से झारखंड की झामुमो नीत गठबंधन सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए एकजुट होने की अपील करता हूं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता ने कहा कि अगर उनकी पार्टी राज्य में सत्ता में आती है तो वह लोगों को 2।87 लाख सरकारी नौकरियां देगी।

# गुमला के इस बूथ पर ग्रामीणों ने किया वोट बहिष्कार, सीओ की एक न सुनी

मेट्रो रेज संवाददाता

**गुमला :** विधानसभा क्षेत्र के चुगलू, पड़की टोली और सकरपुर के ग्रामीणों ने चुनाव का बहिष्कार कर दिया। सुबह 10:00 बजे तक बूथ संख्या 139 पर चुगलू और पड़की टोली के ग्रामीणों ने एक भी मत नहीं डाला। जैसे ही प्रशासन को इसकी खबर मिली, अधिकारियों के हाथ-पांव फूल गए।

सड़क और पुल-पुलिया के मुद्दे पर वोट का बहिष्कारः उपायुक्त के निर्देश पर अंचल अधिकारी वहां पहुंचे। उन्हें मनाने की कोशिश की, लेकिन ग्रामीणों ने साफ कर दिया कि जब तक उनके इलाके में सड़क और पुल-पुलिया नहीं बन जाते, वे वोट नहीं करेंगे। एकजुट होकर ग्रामीण लंबे समय से इस मुद्दे पर प्रशासन से अपील कर रहे थे। लेकिन, उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा था। इससे ग्रामीण नाराज थे।

डीसी से मिलकर लोगों ने कहा था- करेंगे वोट बहिष्कारः चुनाव से पहले गुमला के उपायुक्त से मिलकर उन्होंने कहा था कि



अगर उनके इलाके में विकास कार्य पर ध्यान नहीं दिया गया, तो वे झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 में वोट बहिष्कार करेंगे। ग्रामीणों के वोट बहिष्कार की खबर अखबार में भी छपी थी। खबर छपने के बाद जिला प्रशासन के आला अधिकारी वोट के पहले गांव पहुंचे, लेकिन ग्रामीणों की समस्या का समाधान नहीं हुआ।

सीओ और थाना प्रभारी की ग्रामीणों ने एक न सुनीः मतदान के दिन जब ग्रामीण गोलबंद हो गए और वोट डालने से इंकार कर दिया, तो जिला प्रशासन के कान खड़े हुए। उपायुक्त के आदेश पर तत्काल सीओ गुमला हरीश कुमार और थाना प्रभारी गुमला सुरेंद्र कुमार चुगलू गांव पहुंचे। बूथ संख्या-139 का निरीक्षण किया। ग्रामीणों को समझाना शुरू किया। लेकिन, ग्रामीणों ने किसी की नहीं सुनी।

डीसी ने सीओ से कहा- लिखित आश्वासन दें, वोट शुरू करवाएंः सीओ ने ग्रामीणों की उपायुक्त से फोन पर बात करवाई। फोन पर उपायुक्त ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्या का शीघ्र निदान होगा, लेकिन ग्रामीण इस बात पर अड़ गए कि डीसी उन्हें लिखित आश्वासन दें। उपायुक्त ने सीओ से कहा कि वह ग्रामीणों को लिखित आश्वासन दें और मतदान शुरू करवाएं। सुबह 10 बजे तक शक्रपुर के ग्रामीणों के आलावा इस बूथ पर दूसरे गांवो के लोगों ने वोट डालना शुरू नहीं किया था।

## गुरुजी ने लड़ी झारखंड की लड़ाई संवारेंगे हेमंत भैया : अमित महतो

मेट्रो रेज संवाददाता

**सिल्लीः** गुरुजी शिबू सोरेन ने झारखंड राज्य अलग बनने की लड़ाई लड़ी थी अब हेमंत सोरेन भैया संवारेंगे इस राज्य को, हर वर्ग हर तबके के लोगों को साथ लेकर चलने वाले हेमंत सोरेन सामंतवादियों के आगे झुके नहीं, लड़ते रहे जेल भी गए, 2019 में जब हेमंत सोरेन के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार बनी तब से भाजपा और इनके सहयोगी लोग सरकार गिराने के लिए नित्य दिन नए-नए षड्यंत्र रचते है झूठा आरोप में 5 माह जेल में रहे और बहुत कम समय में इन्होंने लोक कल्याणकारी योजना लाये जिसका सीधा लाभ आम जनता को मिल रहा है, यह बातें सिल्ली के झामुमो प्रत्याशी अमित महतो ने अनगड़ा प्रखंड के बरवादाग पंचायत का सीताडीह में चुनावी



जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा। झामुमो नेता अमित सिंह मुंडा उर्फ गाडाम ने कहा आजसू पार्टी झंडा पार्टी इनके पास कोई विजन नही है इनका काम है चुनाव के समय नया नया योजना लाना फिर चुनाव बाद बंद कर देना और मुर्गा दारू पिला कर वोट लेना। मुंडा ने कहा सिल्ली की जनता ने ठान लिया है अमित महतो को जिताकर हेमंत सोरेन को दोबारा मुख्यमंत्री बनना है। मौके पर गणेश बेदिया महिपाल महतो किसलय महतो समेत बड़ी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

## मेरी छवि को नुकसान पहुंचाने के लिए भाजपा ने शैडो कैंपेन चलायाः सीएम

मेट्रो रेज संवाददाता

**रांचीः** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने बुधवार की सुबह सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि मैं एक महत्वपूर्ण रिपोर्ट आपके सामने रखना चाहता हूं। भाजपा द्वारा शैडो कैंपेन के माध्यम से मेरी और राज्य की छवि को नुकसान पहुंचाने के लिए फेसबुक विज्ञापनों पर करोड़ों रुपये खर्च किए गए हैं। पिछले 30 दिनों में झारखंड चौपाल, रांची चौपाल जैसे विभिन्न अकाउंट्स से 72 लाख रुपये के विज्ञापन और पेड बूस्ट किए गए हैं। इन पेजों का कंटेंट देखें तो आपको समझ में आएगा कि इनका एकमात्र उद्देश्य मेरी और राज्य की छवि को धूमिल करना, धार्मिक उन्माद फैलाना और लोगों को आपस में लड़ाना है।

शिकायत दर्ज कराने के बाद भी कार्रवाई नहींः सीएम ने आगे लिखा है कि चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। साथ ही, 95,000 से अधिक व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर राज्य और राज्यवासियों की छवि को लगातार नुकसान पहुंचाया जा रहा है। जहां भाजपा ने मेरी छवि को नुकसान पहुंचाने के लिए करोड़ों रुपये खर्च किए, वहीं मैंने किसी भी प्रमोशन पर एक रुपया भी खर्च नहीं किया।



आप किसी भी सोशल मीडिया की एड लाइब्रेरी में जाकर यह सत्यापित कर सकते हैं। हमारा मानना है कि गलत तरीके से जीतने से बेहतर है, अपने सिद्धांतों पर डटे रहना। तानाशाहों के पास भले ही अरबों रुपये हों, जो उन्होंने नकली वैक्सीन और दवाइयां बेचकर कमाए हैं, लेकिन इससे वे कभी वास्तविक प्रगति नहीं कर पाएंगे। मेरी असली ताकत आप लोग हैं। जेल जाने से लेकर आज तक आपने हमेशा मेरा साथ दिया है। इसके लिए आप सभी का हृदय से आभार।

## मतदान केवल अधिकार ही नहीं कर्तव्य भी हैः के रवि कुमार

मेट्रो रेज संवाददाता

**रांचीः** झारखंड के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के रवि कुमार ने मंगलवार को निर्वाचन सदन में प्रेसवार्ता किया। सीईओ ने कहा कि मतदान केवल अधिकार नहीं एक कर्तव्य है। प्रत्येक मतदाता अपने मतदान का अवश्य इस्तेमाल करें एवं लोकतंत्र के महापर्व का हिस्सा बनें। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण के चुनाव के लिए 15 जिलों के 43 विधानसभा क्षेत्रों में बुधवार सुबह 7 बजे से मतदान किया जाएगा। पहले चरण के लिए सभी पोलिंग पार्टियां डिस्पैच करा दिए गए हैं। बुधवार को सभी मतदान केंद्रों पर पीठासीन पदाधिकारी प्रत्याशियों के पोलिंग एजेंट की उपस्थिति में सुबह 5:30 बजे से मॉक पोल की प्रक्रिया शुरू कर देंगे।

कहा कि अगर किसी कारण से प्रत्याशियों के पोलिंग एजेंट समय




पर उपस्थित नहीं हो सके तो उनका 15 मिनट तक इंतजार करने के उपरांत पीठासीन पदाधिकारी द्वारा मॉक पोल की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी। उन्होंने सभी प्रत्याशियों से आग्रह किया है कि ससमय अपने पोलिंग एजेंट को मतदान केंद्र पर भेज दें। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों के 200 मीटर के परिधि की मार्किंग की जानी है। इस परिधि के बाहर ही प्रतिनिधियों द्वारा उनके कैंप लगने हैं। इसके साथ ही इस कैंप में पार्टी अथवा प्रतिनिधि के झंडे अथवा किसी प्रकार के प्रतीक चिन्ह नहीं लगाने हैं साथ ही इन कैंपों में किसी भी प्रकार के खाने पीने की व्यवस्था अथवा भीड़ लगाने की अनुमति नहीं है।

कहा कि मतदान के दिन वोटर टर्नआउट में गति प्रदान करने के लिए सभी मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया है। साथ ही चेन सिस्टम के तहत तीव्रता से मतदान कराने का भी प्रशिक्षण हर स्तर पर मतदान कर्मियों को दिया गया है। मतदान केंद्र के अन्दर मतदान कर्मियों अथवा पोलिंग एजेंट को मोबाइल का इस्तेमाल नहीं करना है। इसके साथ ही मतदान के क्रम में मतदाता भी इस बात का ध्यान रखें कि अपने मत की गोपनीयता को कायम रखने के लिए मतदान केंद्र के अन्दर मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करें न ही किसी प्रकार की रिकॉर्डिंग करें।

## चोरी के लाइसेंसी रायफल के साथ युवक गिरफ्तार



मेट्रो रेज संवाददाता

**रामगढ़ः** चोरी का लाइसेंसी रायफल के साथ एक युवक गिरफ्तार हुआ है। एसपी अजय कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि चोरी हुई लाइसेंसी राइफल को एक व्यक्ति जो रामगढ़ थाना क्षेत्र के पारेबस्ती पानी टंकी के पास झाड़ियों में छुपा कर रखा है और राइफल बिक्री के लिए किसी व्यक्ति से बातचीत कर रहा है। जिसके बाद एसपी के निर्देश पर एक विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया। गठित टीम छापेमारी के लिए जब पानी टंकी पारेबस्ती के पास पहुंचा तो एक युवक पुलिस को देख कर तेजी से भागने लगा, जिसे पुलिस बल के सहयोग से घेर कर पकड़ा गया नाम-पता पूछने पर उसने अपना नाम शशि कुमार बताया। पकड़ाये युवक से पूछताछ करने पर वह अपने तीन अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर न्यूकालोनी बगीचा वार्ड नं0-03 रामगढ़ स्थित फौजी रमेश राय जो वर्तमान में जेल में बंद हैं।

विपक्ष पर जेपी नड्डा का तीखा हमला, कहा

## कांग्रेस, जेएमएम व आरजेडी भ्रष्टाचार और वंशवाद की राजनीति के पर्यायवाची

मेट्रो रेज संवाददाता

**रांचीः** भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय स्वाथ्यय मंत्री जगत प्रसाद नड्डा ने मंगलवार को झारखंड के सत्तारूढ़ गठबंधन पर हमला बोला, जिसमें झामुमो, कांग्रेस और राजद शामिल हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ये गठबंधन भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और वंशवाद की राजनीति का पर्याय है। उन्होंने मौजूदा सरकार को 'चोरों की सरकार' भी करार दिया।

हेमंत सोरेन आरोपों से मुक्त नहीं हैंः इस दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि वे अभी आरोपों से मुक्त नहीं हुए हैं और सिर्फ जमानत पर बाहर हैं। बता दें कि सीएम सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय ने 31 जनवरी को भूमि घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। उन्हें 28 जून को झारखंड उच्च न्यायालय ने जमानत दे दी थी।

'जेएमएम के नेतृत्व वाली सरकार 'चोरों की सरकार' है'

केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने आरोप लगाया




कि हेमंत सोरेन की सरकार ने न केवल कई घोटालों को बढ़ावा दिया, बल्कि घुसपैठ के पीछे भी रही। कांग्रेस, झामुमो और राजद भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और वंशवाद की राजनीति के पर्याय हैं। ये वे लोग हैं जो आपके अधिकारों को हड़पते हैं। जेएमएम के नेतृत्व वाली सरकार 'चोरों की सरकार' है जो लोगों के अधिकारों को लूटने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

अब इस सरकार को उखाड़ फेंकने का समय आ गया हैःगिरिडीह के बगोदर में एक रैली को संबोधित करते हुए जेपी नड्डा ने आरोप लगाया, उन्होंने 5,000 करोड़ रुपये का खनन घोटाला, 4000 करोड़ रुपये का जल जीवन मिशन घोटाला, 236 करोड़ रुपये का भूमि घोटाला और अन्य घोटाले किए। अब उन्हें उखाड़ फेंकने का समय आ गया है। उन्होंने कहा, झारखंड जेएमएम के नेतृत्व वाले गठबंधन की तरफ से किए गए घुसपैठ के ग्रहण में है। इसे भाजपा हटाएगी

जमीन हस्तांतरण को रोकने के लिए बनाएंगे कानून': इस मौके पर उन्होंने दावा किया कि, हम आदिवासी लड़कियों से शादी करने वाले घुसपैठियों की संतानों को जमीन हस्तांतरण को रोकने के लिए एक कानून बनाएंगे। भाजपा प्रमुख ने कहा कि झारखंड से एकल इंजन वाली सरकार को हटाने और यहां सर्वांगीण विकास के लिए डबल इंजन वाली सरकार बनाने का समय आ गया है। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की छवि वैश्विक स्तर पर बदली है और उनकी सरकार की नीतियों के कारण 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं।

न्यूज ब्रीफ



## झारखंड उच्च न्यायालय ने धोनी को जारी किया नोटिस

**रांचीः** झारखंड उच्च न्यायालय ने मंगलवार को भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को उनके पूर्व साझेदारों मिहिर दिवाकर और सौम्या दास द्वारा दायर एक मामले में नोटिस जारी किया।

दिवाकर और दास आरका स्पोर्ट्स एंड मैनेजमेंट लिमिटेड के निदेशक हैं और उन्होंने धोनी के साथ उनके नाम से क्रिकेट अकादमी खोलने के लिए समझौता किया था। धोनी ने उन दोनों पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए पांच जनवरी को रांची में उनके खिलाफ आपराधिक शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत याचिका में उन्होंने आरोप लगाया कि 2021 में उनके द्वारा इसका अधिकार रद्द किए जाने के बाद भी दोनों ने उनके नाम का उपयोग जारी रखा। क्रिकेटर ने आरोप लगाया कि उनके साथ 15 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की गई। दिवाकर और दास ने रांची के एक न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत द्वारा उनके विरुद्ध लिए गए संज्ञान को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। उच्च न्यायालय ने धोनी को इस मामले में उपस्थित होकर अपना रुख स्पष्ट करने का आदेश दिया है।

## पति की गर्लफ्रेंड पर पत्नी नहीं कर सकती देहज उत्पीड़न का केसः झारखंड हाईकोर्ट




**रांचीः** झारखंड हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए अपने आदेश में कहा है कि कोई महिला अपने पति की कथित गर्लफ्रेंड या महिला मित्र के ऊपर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज करवाती है तो वह मान्य नहीं होगा, क्योंकि धारा 498 में इस बात का स्पष्ट उल्लेख है कि दहेज उत्पीड़न का केस सिर्फ पति और उसके रिश्तेदारों पर किया जा सकता है। दरअसल झारखंड पुलिस के सब इंस्पेक्टर विकास यादव के खिलाफ उनकी पत्नी ने दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज करवाया था। इस केस में उनकी पत्नी ने विकास यादव की कथित गर्लफ्रेंड को भी नामजद अभियुक्त बनाया था। प्राथमिकी को निरस्त करने के लिए आरोपी युवती ने हाईकोर्ट में गुहार लगाई। युवती की याचिका पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में सुनवाई हुई। युवती की ओर से पक्ष रख रहे अधिवक्ता सूरज किशोर प्रसाद ने कहा कि दहेज उत्पीड़न के मामलों में पति के साथ सिर्फ उन्हीं लोगों को आरोपी बनाया जा सकता है, जो उसके नजदीकी रिश्तेदार हैं या पति से उनका खून का संबंध है। जिसके बाद अदालत ने युवती के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को निरस्त कर दिया।

### सीएम हेमंत की लोगों से अपील

# बड़ी संख्या में करें अपने मताधिकार का प्रयोग, दूसरों को भी करें प्रेरित



मेट्रो रेज

**रांचीः** अपील की है कि बड़ी संख्या में मतदान केंद्रों में पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें और अन्य को भी प्रेरित करें। आज झारखंड में लोकतंत्र के महापर्व का आयोजन हो रहा है। झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 43 विधानसभा सीटों पर मतदान हो रहा है। 24 वर्ष पूरा कर रहे हमारे राज्य को मजबूत बनाने में यह चुनाव एक अहम और दूरगामी भूमिका निभाने जा रहा है। झारखंड के महान इतिहास, सभ्यता और संस्कृति को सहेज; गरीब, वंचित, शोषित और आधी आबादी को हक-अधिकार देते हुए, सामाजिक सुरक्षा, आर्थिक सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, सौहार्दपूर्ण समाज और सतत विकास के कई आयामों को सुनिश्चित कर ही झारखंड रूपी पेड़ की जड़ों को सींच कर इसे विराट बनाया जा सकता है। जल-जंगल-जमीन और झारखंड की अस्मिता की रक्षा के लिए आइए अमर वीर शहीदों और महान क्रांतिकारियों के सपनों के सोना झारखंड निर्माण की ओर हम अपना दृढ़, मजबूत और सार्थक कदम बढ़ाएं।

**मतदान से पहले हमारे कार्यो और भविष्य की योजनाओं को अवश्य जानें :** सीएम ने कहा है कि मैंने पूरी पारदर्शिता के साथ अपना कार्य-विवरण आपके सामने रखा है। मैं स्वीकार करता हूं कि अभी हमारे बुजुर्गों, युवाओं और माताओं-बहनों के लिए बहुत कुछ करना शेष है, जिसे मैं पूरी निष्ठा, समर्पण व द्रुत गति के साथ पूरा करूंगा। साथ ही आपको विश्वास दिला दूं कि हम भाजपा-एनडीए की तरह विभाजनकारी राजनीति कभी नहीं करेंगे। हिंसा का मार्ग चुनना आसान है, पर यह कायरता का प्रतीक है। आज भाजपा-एनडीए केवल धार्मिक मुद्दों और पड़ोसी देशों के विवादों को भड़काकर जनता का ध्यान भटकाना चाहती है, क्योंकि उनके पास वास्तविक मुद्दे नहीं हैं। उनके पास बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और चीन की सीमा में घुसपैठ जैसे गंभीर मुद्दों का कोई समाधान नहीं है। बांग्लादेशी भगोड़े को पनाह देते हैं, साथ ही उनसे लगी सीमा सुरक्षा में विफल रहने के बाद अब वे दूसरों पर दोष मढ़ रहे हैं। झारखंड-बांग्लादेश की सीमा से सैंकड़ों किलोमीटर दूर है, पर भाजपा के दिल के करीब प्रतीत होता है। यदि आपको हमारा कार्य उचित लगे तो हमें अपना समर्थन दें। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि अगले पांच वर्षों में 10 साल का कार्य करूंगा, जिससे हमारी प्रगति की गति को कोई रोक न सके।




## झारखंड के उज्जवल भविष्य के लिए मतदान जरूर करे : बाबूलाल

रांची : बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि झारखंड विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण का मतदान प्रारंभ हो चुका है। सभी मतदाताओं से विनम्र निवेदन है कि झारखंड के उज्जवल भविष्य के अपना मतदान अवश्य करें। झारखंड के युवाओं को पारदर्शी तरीके से नौकरी देने, माताओं बहनों को आत्मनिर्भर बनाने व सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराने, अपराध को नियंत्रित करने, घुसपैठ और भ्रष्टाचार की समस्या को जड़ से समाप्त करने के लिए आपका प्रत्येक मत महत्वपूर्ण है।

## आत्मनिर्भर झारखंड के निर्माण के लिए मतदान अवश्य करें : शिवराज

केंद्रीय मंत्री सह झारखंड बीजेपी के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि माटी, बेटी और रोटी के सम्मान की रक्षा तथा विकसित, समृद्ध व आत्मनिर्भर झारखंड के निर्माण के लिए मतदान अवश्य करें। मतदान लोकतंत्र का प्राण है। पूरे उत्साह के साथ इस महापर्व में भाग लें। आपका अमूल्य वोट झारखंड का सुनहरा भविष्य तय करेगा।

### बांग्लादेशी घुसपैठियों को लेकर भाजपा का राज्य सरकार पर हमला

# 'झामुमो को असहजता महसूस क्यों होती है'?

**रांचीः** झारखंड की 81 सदस्यीय विधानसभा के पहले चरण के लिए आज चुनाव हो रहे हैं। भाजपा सांसद दीपक प्रकाश कुलदीप हाई स्कूल में अपना वोट डाला। वोट डालने के बाद उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने झामुमो से सवाल पूछा कि जब भाजपा ने बांग्लादेशी घुसपैठियों को राज्य से बाहर निकालने का प्रयास किया तो उन्हें असहजता महसूस क्यों हुई। इसके साथ भाजपा सांसद ने झामुमो पर बांग्लादेशी घुसपैठियों का समर्थन करने का आरोप लगाया। बता दें कि भाजपा राज्य से झामुमो गठबंधन की सरकार को सत्ता से बाहर करना चाहती है।



**भाजपा नेता का झामुमो पर हमला :** वोट डालने के बाद भाजपा नेता दीपक प्रकाश ने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा, जब भाजपा बांग्लादेशी घुसपैठियों को राज्य से बाहर निकालने की कोशिश की तो झामुमो को असहजता क्यों महसूस हो रही है। क्योंकि वे घुसपैठियों का समर्थन कर रहे हैं और अपने लाभ के लिए उनका इस्तेमाल कर रहे हैं। बांग्लादेशी घुसपैठी राज्य को बर्बाद कर रहे हैं। वे भारत को कमजोर करने की साजिश रचते हैं। झारखंड को विकसित करना है। इस राज्य को भ्रष्टाचार से मुक्त करना है, युवाओं को रोजगार प्रदान करना है और महिलाओं को अत्याचार से बचाना है। यह डबल इंजन सरकार का संकल्प है।

पहले चरण का मतदान जारीः झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण में मुख्य उम्मीदवार पूर्व सीएम चंपई सोरेन (भाजपा) सरायकेला और अजय कुमार (कांग्रेस) पूर्वी जमशेदपुर से चुनाव लड़ रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की पत्नी गीता कोड़ा (भाजपा) गनाथपुर से कांग्रेस उम्मीदवार सोना राम सिंकू से चुनाव लड़ रही है।

राज्य में पहले चरण के चुनाव के दौरान पुलिस सुरक्षा प्रदान करने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल कर रही है। पहले चरण में राज्य की 43 सीट पर सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होगा। कुल 2.60 करोड़ मतदाताओं में से 1.37 करोड़ मतदाता मतदान करेंगे।

## अजय नाथ शाहदेव, नवीन जयसवाल व रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने पत्नी संग डाले वोट








## महुआ माजी व अजय नाथ शाहदेव पर आचार संहिता उल्लंघन का केस दर्ज

**रांचीः** भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से मिलकर रांची व राज्य के अलग-अलग हिस्से में आदर्श आचार संहिता की उल्लंघन के मामले पर अवगत कराया है. दो मामले जिसमें रांची विधानसभा सीट से झामुमो की उम्मीदवार महुआ माजी और हटिया विधानसभा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार अजय नाथ शाहदेव पर एफआईआर दर्ज करने का आदेश निर्वाचन पदाधिकारी की ओर से दिया गया है. जबकि दो मामले पर जांच का आदेश दिया गया है. महुआ माजी पर गले में पार्टी का पट्टा और अजय नाथ शहदेव पर मतदाता पर्ची में उनकी तस्वीर होने का आरोप लगा है।

## रांची के तमाड़ स्थित आरहंगा पोलिंग बूथ पर पहली बार हो रहा मतदान



**रांचीः** झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर बुधवार को सुबह से मतदान जारी है. इसी क्रम में रांची जिला के तमाड़ स्थित एक ऐसा पोलिंग बूथ है, जहां पहली बार मतदान हो रहा है. पूर्व में नक्सल के प्रभाव के कारण इससे रिलोकेट किया जाता था. परंतु लगातार एंटी नक्सल अभियान के कारण नक्सल का प्रभाव क्षेत्र मैं नहीं के बराबर है. इसी का परिणाम है कि विधानसभा 2024 का चुनाव आराहंग बूथ में अपने चयनित स्थल पे हो रहा है. जनता में काफी खुशी है और वे शांतिपूर्वक बिना भयभीत हुए अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं।

# झारखंड में बही लोकतंत्र की बयार, काम नहीं आई धमकी नक्सलियों के गढ़ में मतदान केंद्रों पर दिखी लंबी कतार

मेट्रो रेज

**रांचीः** प्राथमिक विद्यालय सोनापी में मतदाताओं ने नक्सली धमकी को खारिज कर दिया और बड़ी संख्या में मतदान करने के लिए निकले। नक्सलियों ने पोस्टर लगाकर रास्ता रोकने की कोशिश की। सुरक्षा बलों ने पोस्टरों और बाधाओं को सफलतापूर्वक हटा दिया और सुबह 11 बजे तक, झारखंड के पश्चिम सिंहभूम के सोनापी, जगन्नाथपुर एसी में मतदान केंद्र संख्या 25 पर 60% मतदान दर्ज किया गया। झारखंड में पहले चरण के चुनाव के बीच एक और सुखद खबर आमने आई है।

सीईओ झारखंड ने बताया कि बरगद गढ़वा के यूएमएस हेसातु में लंबी कतारें, प्रशंसात्मक अभिव्यक्ति और शांतिपूर्ण मतदान बूढ़ा पहाड़ में लोकतंत्र के एक नए युग के उद्भव का प्रतीक है, जो कभी नक्सलियों का गढ़ था। लोकसभा चुनाव 2024 में पहली बार मतदान केंद्र बनाया गया, जहां लोगों ने पहली बार अपने गांव में मतदान किया। झारखंड में विधानसभा की 43 सीट के लिए बुधवार को मतदान शुरू हो गया जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन सहित कुल 683 उम्मीदवार अपनी चुनावी किस्मत आजमा रहे हैं।



इन निर्वाचन क्षेत्रों में सुबह सात बजे से मतदान शुरू हुआ और यह शाम पांच बजे तक जारी रहेगा। एक अधिकारी ने बताया कि 950 मतदान केंद्रों पर मतदान शाम चार बजे समाप्त हो जाएगा, लेकिन उस समय तक कतार में खड़े लोग अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। विधानसभा चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाला गठबंधन मैय्या सम्मान योजना सहित अपनी कल्याणकारी योजनाओं के दम पर सत्ता बरकरार रखने की कोशिश कर रहा है, वहीं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने घुसपैठ और मौजूदा सरकार के कथित भ्रष्टाचार के मुद्दे को जोर-शोर से उठाया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा सहित भाजपा के शीर्ष नेताओं ने राज्य में कई रैलियां की वहींकांग्रेस नेता राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी एवं विधायक कल्पना सोरेन समेत इंडिया गठबंधन के नेताओं ने राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बल पर लोगों से उनके उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस चरण में कुल 1.37 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने के पात्र हैं।

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी का कार्यालय, झारखण्ड, राँची**

**मतदाताओं के लिए आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली से प्राप्त निदेश के आलोक में **झारखण्ड राज्य अन्तर्गत विधानसभा आम चुनाव, 2024** हेतु सभी मतदाता जिन्हें निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किये गये है, मतदान स्थल पर मत डालने से पहले पहचान सुनिश्चित करने हेतु अपना **निर्वाचक फोटो पहचान पत्र (EPIC)** दिखाएंगे तथा ऐसे निर्वाचक, जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र **(EPIC)** प्रस्तुत नहीं कर पाते है, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा, तद्नुसार निम्न दस्तावेज पहचान हेतु स्वीकार किये जायेंगे:–

1 निर्वाचक फोटो पहचान पत्र (EPIC)
**वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेज:–**
2 आधार कार्ड,
3 मनरेगा जॉब कार्ड,
4 बैंकों / डाकघरों द्वारा जारी की गई फोटोयुक्त पासबुक,
5 श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड,
6 ड्राइविंग लाइसेंस,
7 पैन कार्ड,
8 एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड,
9 भारतीय पासपोर्ट,
10 फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज,
11 केन्द्र / राज्य सरकार / लोक उपक्रम / पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान–पत्र,
12 सांसदों / विधायकों / विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और
13 यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार।

किसी अन्य विधानसभा निर्वाचन–क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जारी किया गया निर्वाचक फोटो पहचान पत्र (EPIC) भी पहचान स्थापित करने हेतु स्वीकृत किये जायेंगे बशर्ते निर्वाचक का नाम जहां वह मतदान करने आया है, उस मतदान स्थल से संबंधित निर्वाचक नामावली में उपलब्ध हो। यदि फोटोग्राफ इत्यादि के बेमेल होने के कारण निर्वाचक की पहचान सुनिश्चित करना संभव न हो तब निर्वाचक को उपर्युक्त वर्णित किसी एक वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा।

मतदाता सूचना पर्ची (Voter Information Slip) को मतदान केन्द्र में पहचान के उद्देश्य के लिए स्वीकार नहीं किया जाएगा। आपसे अपेक्षित है कि आप मतदान के लिए निर्वाचक फोटो पहचान पत्र (EPIC) या आयोग द्वारा उपरोक्त निर्दिष्ट वैकल्पिक दस्तावेजों में से एक मतदान के समय अपने साथ अवश्य लाए।

प्रवासी निर्वाचक को, जो अपने पासपोर्ट में उल्लेखित विवरणों के आधार पर निर्वाचक नामावलियों में पंजीकृत है, को मतदान केन्द्र में केवल उनके मूल पासपोर्ट (तथा कोई अन्य दस्तावेज नहीं) के आधार पर ही पहचाना जायेगा।

**झारखण्ड राज्य अन्तर्गत विधानसभा आम चुनाव, 2024 में सभी मतदाताओं से अपील है कि निर्भीक एवं स्वतंत्र रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी
झारखण्ड, राँची

PR 340072 Election(24-25)#D

## सूक्ति

**मनुष्य को चाहिए कि वह परिस्थितियों से लड़े, एक स्वप्न टूटे तो दूसरा गढ़े:**
**अटल बिहारी वाजपेय**

## एक नहीं, पर सेफ हैं

**भाजपा** ने महाराष्ट्र के अखबारों में एक विज्ञापन छपवाया है-एक हैं, तो सेफ हैं। विज्ञापन के एक शब्द में 46 टोपियां और पगड़ियां छापी गई हैं। वे महाराष्ट्र के विभिन्न वर्गों का प्रतिनिधित्व करती हैं, लेकिन एक टोपी गायब है। बेशक वह टोपी मुसलमान की है, जो बहुधा प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के खिलाफ वोट देता है। यहीं से स्पष्ट होने लगता है कि उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बंटेंगे, तो कटेंगे का नारा क्यों लगाया था? उसी तर्ज पर प्रधानमंत्री मोदी चुनाव प्रचार के दौरान यह नारा क्यों लगवा रहे हैं-एक हैं, तो सेफ हैं।दोनों का भावार्थ एक ही है। प्रधानमंत्री ने अपने नारे को साजिश से जोड़ दिया है और समाज को बांटने के लिए कांग्रेस को लगातार आरोपित कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने संविधान की शपथ ली है कि वह पूरे देश के प्रधानमंत्री हैं। भाजपा-एनडीए के ही प्रधानमंत्री नहीं हैं, बल्कि समूचे विपक्ष के भी प्रधानमंत्री हैं। विज्ञापन और चुनाव प्रचार से यह भी साफ हो रहा है कि भाजपा हिंदू-मुसलमान की बात कर रही है। यह आश्चर्य है कि देश का 80 फीसदी बहुसंख्यक, 15 फीसदी अल्पसंख्यक की तुलना में, भयभीत और असुरक्षित महसूस कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा के प्रचारक नेता लगातार ये नारे बुलंद कर बहुसंख्यक हिंदुओं को लामबंद करना चाहते हैं। यह चुनावी लक्ष्य है। यह प्रधानमंत्री या वरिष्ठ नेताओं की राष्ट्रीय, सामाजिक, जातीय चिंता नहीं है। करीब 145 करोड़ की आबादी वाला भारत एक हो ही नहीं सकता। विविधता तो भारत की खूबसूरती है। उत्तर, दक्षिण, पूर्वोत्तर भारत की संस्कृति, उनके रस्मो-रिवाज, उनकी भाषाएं-बोलियां, नस्लें, जातियां-उपजातियां और धार्मिक आस्थाएं बिल्कुल अलग-अलग हैं। प्रधानमंत्री के आह्वान के बावजूद वे एक नहीं हो सकतीं, लेकिन भारत की संप्रभुता, एकता, अखंडता के सवाल पर वे सभी एक हैं, भारतीय हैं। प्रधानमंत्री को चिंता क्यों करनी चाहिए? बीते 77 साल से भारत राष्ट्र एक है, बहुत कुछ भिन्न है। महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनाव हैं। उप्र समेत कई राज्यों में उपचुनाव भी हो रहे हैं। एक तरफ मुसलमानों के उलेमाओं, मौलानाओं ने बैठकें की हैं और महाविकास अघाड़ी के पक्ष में वोट करने के आह्वान किए हैं। उन्होंने महाराष्ट्र में मुसलमानों को 10 फीसदी आरक्षण देने जैसी भी शर्त रखी है। एक अन्य बैठक में वक्फ बिल के विरोध में 24 नवंबर को दिल्ली कूच का आह्वान खासकर मुस्लिम नौजवानों के लिए किया गया है। 25 नवंबर से संसद का शीतकालीन सत्र शुरू हो रहा है। दिल्ली केंद्रीय सत्ता की धुरी है। ऐसे आह्वान और विरोध-प्रदर्शन, कानून के दायरे में, किए जा सकते हैं। मुस्लिम मौलानाओं ने औकात और रूह कांप जाएगी सरीखे आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया है। यह सामाजिक, सांप्रदायिक अलगाव को दशार्ता है। दूसरी तरफ हिंदुत्व जनसंघ और भाजपा का बुनियादी, चुनावी विचार-बिंदु रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री के स्तर पर इसे चुनावी मुद्दा क्यों बनाया गया है? यदि देश विभाजक अवस्था में लग रहा है, तो उसे दुरुस्त करना प्रधानमंत्री का प्रथम कर्तव्य है। बंटेंग और एक पर कांग्रेस भी आक्रामक और उग्र मुद्रा में आ गई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने योगी के नारे को आतंकवाद से जोड़ दिया है और योगी की गेरुआ वेशभूषा पर भी सवाल किए हैं। इसकी प्रतिक्रिया में साधु-संत भी आक्रामक हो गए हैं और खडगे के बयान को सनातन का अपमानह्ल करार दिया है। प्रधानमंत्री और योगी के नारों से स्पष्ट है कि देश में हिंदुओं का अस्तित्व ही खतरे में है। भाजपा यह मुद्दा अपने जन्मकाल से ही उठाती रही है। देश के कुछ हिस्सों में मुस्लिम आबादी हिंदू जनसंख्या से अधिक हो गई है अथवा पहले से ही यही समीकरण थे। सिर्फ उसी आधार पर नारा नहीं दिया जा सकता-एक हैं, तो सेफ हैं। आरएसएस भी बांग्लादेशी घुसपैठियों का मुद्दा एक लंबे अंतराल से उठाता रहा है। बीते 10 साल से अधिक समय से भारत में भाजपा-संघ की सरकार है। घुसपैठियों को बाहर खदेड़ा क्यों नहीं गया? राज्यों में भी भाजपा की सरकारें सर्वाधिक हैं। 2011 की जनगणना से स्पष्ट संकेत मिले थे कि देश में जनसांख्यिकी के समीकरण बदल रहे हैं। अब 2025 में जनगणना होनी है। उसके बाद देश को बंटने की स्थिति से बचाया जा सकता है। आम आदमी के लिए विकास के जो मुद्दे अनिवार्य हैं, सिर्फ रेवड़ियों से ही उनकी भरपाई नहीं की जा सकती, क्या प्रधानमंत्री अपने मूल मंत्र को भूल गए हैं? प्रधानमंत्री का पद ऐसा है, जिस पर आसीन व्यक्ति को राजनीति से ऊपर उठकर सोचना होगा।

## प्राथमिकताएं बदलिए

**बांग्लादेश** में शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के तीन महीने बाद भी राजनीतिक अस्थिरता और अराजकता का दौर जारी है। अमेरिका के जो बाइड़न प्रशासन के समर्थन से सत्ता की बागड़ोर संभालने वाले मोहम्मद यूनुस प्रभावशाली ढंग से चुनौतियों का मुकाबला नहीं कर पा रहे हैं। नोबेल पुरस्कार विजेता यूनुस राजनीति में लोकतांत्रिक और मानवतावादी मूल्यों की स्थापना नहीं कर पा रहे हैं। अंतरिम सरकार का नेतृत्व कर रहे यूनुस प्रतिशोध की राजनीति में लिप्त हैं। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने उनके कारनामों की जांच करने के बाद उन्हें हाशिये पर कर दिया था। अब यूनुस को शेख हसीना से प्रतिशोध लेने का अवसर मिला है। उनकी अंतरिम सरकार अपदस्थ प्रधानमंत्री हसीना और प्रशासन के अन्य लोगें को भारत से वापस लाने के लिएइंटरपोल से मदद मांगने की तैयारी में है। सरकार का विश्वास है कि विरोध प्रदर्शनों के दौरान करीब 753 लोग मारे गए। इस घटना को यूनुस ने मानवता के विरुद्ध अपराध करार दिया है और हसीना और उनकी पार्टी के नेताओं के विरुद्ध 60 से ज्यादा शिकायतें दर्ज कराई गई हैं दूसरी ओर हसीना के देश छोड़ऩे के तीन महीने बाद उनकी पार्टी अवामी लीग एकजुट होने के प्रयास कर रही है। इसी क्रम में अवामी लीग ने रविवार को ढाका के नूर हुसैन स्कवायर पर विरोध मार्च निकालने का आह्वान किया था। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी और जमात-ए-इस्लामी के कार्यकर्ताओं ने सरकार और पुलिस प्रशासन की शह पर अवामी लीग के नेताओं और समर्थकों की पिटाई की। लोकतंत्र में जितना महत्वपूर्ण सत्ता पक्ष होता है उतना ही विपक्ष भी होता है। अगर देश में लोकतंत्र स्थापित करना है तो यूनुस की सरकार को अपनी प्राथमिकताएं बदलनी होंगी। अल्पसंख्यक समुदाय विशेषकर हिन्दुओं पर होने वाले अत्याचार से विश्व समुदाय चिंतित है। अमेरिका के नवह्रनिर्वाचित राष्ट्रपति ड़ोनाल्ड़ ट्रंप ने मतदान से पहले दीवाली के अवसर पर कहा था कि ह्यमैं हिन्दुओं, ईसाइयों और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ बर्बर हिंसा की निंदा करता हूं। जिन पर बांग्लादेश में भीड़. द्वारा हमला किया जा रहा है और लूटपाट की जा रही है।' जाहिर है कि दुनिया के एक बड़े. नेता की इस टिप्पणी से बांग्लादेश और यूनुस की छवि कलंकित हुई है। बांग्लादेश में शांति और राजनीतिक स्थिरता आवश्यक है। राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से न तो लोकतंत्र स्थापित होगा और न देश बचेगा।

# जनजातीय हितों का संरक्षण एवं संवर्द्धन

> जनजातीय समाज ने हमें प्रकृति के संरक्षण का मार्ग दिखाया। जनजातीय संस्कृति में छिपी है, गहरी आध्यात्मिकता, देश के लिए संघर्ष करने की परंपरा जनजातीय परंपरा रही है। जीवन जीने की कला जनजातीय समाज से सीखनी चाहिए। सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और राष्ट्रीय गौरव, वीरता तथा आतिथ्य के भारतीय मूल्यों को बढ़ावा देने में वनवासियों के प्रयासों को मान्यता देने हेतु प्रतिवर्ष जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के खिलाफ भारत के विभिन्न क्षेत्रों में कई वनवासी आंदोलन किए।

**अमरीक सिंह ठाकुर**

**जनजातीय** गौरव दिवस वनवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के योगदान और बलिदानों को सम्मानित करने तथा आमजन एवं भावी नागरिकों को उनके बलिदान से प्रेरणा लेने के लिए मनाया जाता है। वर्ष 2021 को केन्द्रीय मंत्रिमंडल द्वारा 15 नवंबर को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में इसे जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया व रांची में वनवासी स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय उद्घाटन भी शामिल हैं। इस वर्ष भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती है। सामाजिक-आर्थिक विकास, आजीविका एवं उद्यमिता, कला-संस्कृति एवं धरोहर, शिक्षा और कौशल विकास, स्वास्थ्य जनजातीय समाज की जीवन शैली है। जनजातीय गौरव दिवस का मुख्य उद्देश्य वनवासी के हितों का संरक्षण एवं संवर्धन करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान कि भारत की वनवासी विरासत, संस्कृति, परंपराओं को जीवंत रखने के लिए व्यापक जागरूकता की अलख जगाने की आवश्यकता है और स्वतंत्रता संग्राम में वनवासी नायकों द्वारा दिए गए बलिदानों को उचित मान्यता प्रदान की जानी चाहिए। मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार पिछले 11 वर्षों से परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के साथ-साथ विकास के सिद्धांत पर अथक रूप से कार्यरत है। मोदी ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय ज्ञान प्रणालियों, परंपराओं और सांस्कृतिक लोकाचार के संरक्षण और प्रोत्साहन को अत्यधिक महत्व दिया है। प्रधानमंत्री के विजन के अनुसार भविष्य के सुदृढ़ आत्मनिर्भर भारत के लिए 8.6 फीसदी वनवासी समुदाय को प्रोत्साहित और सशक्त बनाना हमारा कर्तव्य और साझा जिम्मेदारी है। जनजातीय समाज ने हमें प्रकृति के संरक्षण का मार्ग दिखाया। जनजातीय संस्कृति में छिपी है, गहरी आध्यात्मिकता, देश के लिए संघर्ष करने की परंपरा जनजातीय परंपरा रही है। जीवन जीने की कला जनजातीय समाज से सीखनी चाहिए। सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और राष्ट्रीय गौरव, वीरता तथा आतिथ्य के भारतीय मूल्यों को बढ़ावा देने में वनवासियों के प्रयासों को मान्यता देने हेतु प्रतिवर्ष जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के खिलाफ भारत के विभिन्न क्षेत्रों में कई वनवासी आंदोलन किए। इन वनवासी समुदायों में तामार, संथाल, खासी, भील, मिजो और कोल शामिल हैं। ह्यजनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत, ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान पर कार्यशाला आयोजित कर इसे भव्य रूप से मनाया जाए। जनजातीय समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है। यह सोचकर गर्व होता है कि अनेक महान स्वतंत्रता सेनानियों का जन्म जनजातीय समाज में हुआ। अपने देश के लिए संघर्ष करने की परंपरा जनजातीय समाज में प्रारंभ से रही है। शहीद वीर नारायण सिंह, गैंदसिंह, गुण्डाधूर जैसे अनेक महान नायकों ने अपना बलिदान दिया। पूरी दुनिया आज जलवायु परिवर्तन की गंभीर चुनौतियों से गुजर रही है। ऐसे में प्रकृति का संरक्षण बहुत आवश्यक है। जनजातीय समाज ने हमें प्रकृति के संरक्षण का मार्ग दिखाया है, जो आज भी अनुकरणीय है। जनजातीय समाज में प्रकृति की पूजा की जाती है। जनजातीय संस्कृति में गहरी आध्यात्मिकता छिपी है। प्रकृति को सहेजकर, प्रकृति के अनुकूल जीवन जीना। बड़े-छोटे, स्त्री-पुरुष में किसी तरह का भेदभाव नहीं। सब बराबर हैं और प्रकृति का उपहार सबके लिए है। ये बातें हमें इस समाज से सीखने की आवश्यकता है। वास्तव में जीवन जीने की कला जनजातीय समाज से सीखनी चाहिए। जनजातीय समाज में दहेज जैसी सामाजिक बुराई का अस्तित्व नहीं है। भगवान बिरसा मुंडा का शौर्य हमें हमेशा जीवन में साहस की राह दिखाता है।

उन्होंने शोषणमुक्त समाज का सपना देखा था। मोदी ने उन्हीं की परिकल्पना के अनुरूप प्रधानमंत्री जनमन योजना प्रारंभ कर विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों के जीवन में समृद्धि लाने का प्रयास किया है, जिसमें जनजातीय बहुल 63 हजार गांवों के 5 करोड़ से अधिक लोग लाभान्वित होंगे। जनजातीय लोग कभी दिखावा नहीं करते, उनकी सरलता-सहजता मन मोह लेती है। जनजातीय समाज की खानपान की शैली बीपी-शुगर जैसी लाइफ स्टाइल से जुड़ी बीमारियों से दूर रखती है। शिक्षा विभाग द्वारा जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत पर कार्यशाला आयोजित कर जनजातीय समाज के गौरव को पूरे समाज के सामने लाने में मील का पत्थर साबित होगी। देश के स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय समाज का बहुत बड़ा योगदान रहा है। इस समाज में अनेक महापुरुषों ने जन्म लिया जिन्होंने 1857 क्रांति के पहले ही अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष की शुरूआत की। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान अंग्रेजों को बड़ा नुकसान जनजातीय क्षेत्रों में हुआ, अनेक मौकों पर उन्हें मजबूर होकर पीछे हटना पड़ा। अंग्रेजों ने जब बस्तर में रेल लाईन बिछाने का काम शुरू किया, उसमें लकड़ी का उपयोग किया जाता था। जनजातीय समाज ने इसका विरोध किया और यह भाव जताया कि हमारा जंगल कोई नहीं काटेगा। सामाजिक एकजुटता के कारण बहुत कुछ संरक्षित रहा। बस्तर दशहरा सामाजिक समरसता का सबसे बड़ा प्रमाण है।

इस समाज में 80 प्रतिशत परिवार संयुक्त परिवार हैं। मिलेट का उपयोग, जैविक खेती जैसी अनेक बातें जनजातीय समाज से शिक्षित समाज को सीखने की आवश्कता है। पारंपरिक अनाज, जिन्हें भूल चुके थे भारतीय, पर आज दुनिया कहती है सुपर फूड बाजार में आज ज्वार, बाजरा और क्विनोवा जैसे अनाजों की मांग बढ़ गई है और ये बेवजह नहीं है। लेकिन जिस अनाज को छोड़ हम आगे बढ़े थे, आज पूरी दुनिया फिर से उसी अनाज की तरफ वापस लौट रही है। धरती आबा बिरसा मुंडा का जन्म खूंटी के उलिहातू में 15 नवंबर 1875 को हुआ। बिरसा की प्रारंभिक शिक्षा चाईबासा के जर्मन मिशन स्कूल में हुई। पढ़ाई के दौरान ही बिरसा के क्रांतिकारी तेवर का पता चलने लगा। उनकी उपलब्धियों की सूची लंबी है। बहरहाल, देश उनकी जयंती पर उन्हें नमन करता है।

# आवासविहीन लोगों को कब मिलेगी छत

> अगर कभी नहीं चर्चा होती तो उन बेचारों की नहीं होती जो एक रैनबसेरे के अभाव में या एक छत को तरसते हुए रात भर ठंडी-गर्म सडकों पर पड़े ठिठुरते या सिकुड़ते आकाश के तारों को देखते हैं और अनेकशः वे तारे भी धुंध और कोहरे में लिपटे उन्हें दिखाई नहीं देते। नरेंद्र मोदी ने अपने प्रधानमंत्रीकाल में एक लक्ष्य बनाया है कि जिनके पास अपने घर नहीं, झुग्गी-झोंपड़ी में रहने को विवश हैं, उनको मकान दिए जाएं। बहुत से दिए भी गए, पर वह सब ऊंट के मुंह में जीरा है। ऐसी दुखद घटनाएं बार-बार सुनने को मिलती हैं कि लोग सडक पर सोये थे और तेज रफ्तार कार ने कुचल दिया। बड़े महानगरों में जहां फुटपाथ पर सोने वालों की संख्या भी बहुत ज्यादा है, ऐसी घटनाएं अधिक होती हैं। मुंबई से लेकर पंजाब तक यदा-कदा ऐसे दुखद, पर देश के विकास पर तीखा प्रश्नचिन्ह उठाने वाले समाचार मिलते हैं। बड़े-बड़े दावे ये सरकारें करती हैं कि रैनबसेरे बनाए गए। गरीबों को सोने के लिए जगह दी गई, पर जगह वहां मिलती है जहां कभी भी कहीं भी मौत झपटकर उन्हें ले जाती है।

**लक्ष्मीकांता चावला**

**इसमें** कोई शक नहीं कि पिछले 77 वर्षों में भारत ने बहुत उन्नति की है। 1947 में देश की केवल धरती का ही बंटवारा नहीं हुआ, लोग भी बंट गए, कट गए, उजड़ गए, दीनहीन, अनाथ होकर देश के करोड़ों लोग विस्थापित होकर अथवा सांप्रदायिक दंगों का शिकार होकर भूखे, अर्द्धनग्न सडकों पर जीने, तड़पने को मजबूर हो गए। भारत की तत्कालीन सरकार ने उस देश को संभाला। साढ़े पांच सौ से ज्यादा रियासतों में बंटे देश को सरदार पटेल जी जैसे नेता ने एक सूत्र में पिरोया और धीरे-धीरे शरणार्थी समस्या का भी समाधान करके उन देशवासियों को संभाला, गले लगाया जो सब कुछ लुटाकर भारत आए थे। समय ने उनके घाव तो शायद पूरी तरह न भरे हों, पर देशवासियों ने शरणार्थी बनकर आए अपने भाई-बहनों को घर-परिवार बसाने में पूरा सहयोग दिया। यह तो हो गई 77 वर्ष पुरानी त्रासदी की बात। इन वर्षों में देश का गौरव बढ़ा, संसाधन बढ़े, सीमाओं की रक्षा करने में हम समर्थ हुए। जल-थल-नभ के पहरेदार मजबूत होकर देश की रक्षा कर रहे हैं। इसी बीच कभी शिक्षा का अधिकार, कभी स्वास्थ्य सेवाओं का अधिकार दिया गया। कानून के समक्ष सब नागरिकों को समानता का अधिकार तो संविधान निमार्ताओं ने ही दे दिया था, पर आज भी हम निश्चिंत नहीं हो सकते। एक तरफ तो यह समाचार मिलते हैं कि किसी धनपति ने 600 से ज्यादा कमरों वाला ऐसा महल बनाया जिसके गैराज में सैकड़ों कारें एक समय खड़ी हो सकती हैं। देश के राजभवनों, राष्ट्रपति भवन, नया संसद भवन एवं अन्य कुछ विशिष्ट इमारतों की सुंदरता, लंबाई-चौड़ाई की चर्चा यदा कदा होती रहती है। हमारे देश के टीवी चैनलों में भी ऐसी बहुत सी चचार्एं होती हैं जिनका आम आदमी को तो कोई लाभ नहीं, पर कुछ नेताओं के आरोप-प्रत्यारोप और लड़ाई-झगड़े का मंच बना रहता है। अगर कभी नहीं चर्चा होती तो उन बेचारों की नहीं होती जो एक रैनबसेरे के अभाव में या एक छत को तरसते हुए रात भर ठंडी-गर्म सडकों पर पड़े ठिठुरते या सिकुड़ते आकाश के तारों को देखते हैं और अनेकशः वे तारे भी धुंध और कोहरे में लिपटे उन्हें दिखाई नहीं देते। नरेंद्र मोदी ने अपने प्रधानमंत्रीकाल में एक लक्ष्य बनाया है कि जिनके पास अपने घर नहीं, झुग्गी-झोंपड़ी में रहने को विवश हैं, उनको मकान दिए जाएं। बहुत से दिए भी गए, पर वह सब ऊंट के मुंह में जीरा है। ऐसी दुखद घटनाएं बार-बार सुनने को मिलती हैं कि लोग सडक पर सोये थे और तेज रफ्तार कार ने कुचल दिया। बड़े महानगरों में जहां फुटपाथ पर सोने वालों की संख्या भी बहुत ज्यादा है, ऐसी घटनाएं अधिक होती हैं। मुंबई से लेकर पंजाब तक यदा-कदा ऐसे दुखद, पर देश के विकास पर तीखा प्रश्नचिन्ह उठाने वाले समाचार मिलते हैं। बड़े-बड़े दावे ये सरकारें करती हैं कि रैनबसेरे बनाए गए। गरीबों को सोने के लिए जगह दी गई, पर जगह वहां मिलती है जहां कभी भी कहीं भी मौत झपटकर उन्हें ले जाती है। श्रम विभाग और मानव अधिकार आयोग भी नहीं देखता कि जहां ये मजदूर काम करते हैं वहां इनको मानव के योग्य स्थान और वातावरण दिया जाता है या नहीं। सडकों पर गरीबों के किसी न किसी वाहन से कुचले जाने की घटनाएं देश में सुनने को मिलती हैं। हरियाणा के हिसार के एक फुटपाथ पर सोये हुए मजदूर कार द्वारा कुचले गए। पांच की मौत हो गई। कुछ घायल हो गए। दिल्ली में भी फुटपाथ पर सोये लोगों की वाहनों से कुचलकर मौत के समाचार आ चुके हैं। मुंबई में तो ऐसा संभवतः कई बार हुआ होगा, लेकिन जब कार चालक कोई विशिष्ट अभिनेता या नेता हो तो उन बेचारों को न्याय भी नहीं मिल पाता जो बिना छत और बिना कंबल के सडकों पर सोने को मजबूर हो गए। खन्ना में अबोध बच्चों के कार द्वारा कुचले जाने के बाद यह प्रतीक्षा रही कि कोई टीवी चैनल या कलम का धनी इन बच्चों की बिलखती मां की पीड़ा देश और देश के शासकों तक पहुंचाएगा, पर ऐसा नहीं हुआ। जो मजदूर सडकों पर कुचले जाते हैं या जो बच्चे भूखे मर जाते हैं जैसा कि देश के कई भागों से समाचार आते हैं, उनका अधिक विवरण इसलिए नहीं मिलता क्योंकि वे वोट बैंक नहीं। दूसरे प्रांतों से आकर यह हमारे पुल बनाते हैं, सडकें चमकाते हैं, विकास की गति को आगे बढ़ाते हैं, पर उनका विकास तो किसी का दायित्व नहीं। अब फिर सर्दी का मौसम प्रारंभ हो गया है। पहाड़ों के ऊपरी भागों में बर्फ पड़नी प्रारंभ हो चुकी है। पिछले दिनों भी भूस्खलन, अधिक वर्षा और बाढ़ के कारण हिमाचल और उत्तराखंड में बहुत विनाश हुआ, पर ज्यादा पीड़ा उनको सहनी पड़ती है जो बेघर और बेआसरे हैं। मौसम विभाग ने यह भविष्यणवाणी भी कर दी है कि इस बार सर्दी ज्यादा होगी। मैदानों में ही सर्दी से बचना मुश्किल है, ऊपर पहाड़ों में कितनी भयानक सर्दी होगी, इसकी कल्पना भी दिल्ली में बैठे वे शासक नहीं कर सकते जिनके कमरे हमेशा गर्म या ठंडे रहते हैं। मौसमविद यह कहते हैं कि पर्यावरण के लिए सर्दी लाभदायक है, पर जिन बेचारों के पास रात को सोने के लिए एक छत नहीं, उनके लिए तो सर्दी न बढ़ना वरदान है। निश्चित ही अगले दिनों में फिर यही समाचार आएंगे कि किस प्रांत में कितने लोग सर्दी से ठिठुरकर मौत के मुंह में चले गए। इन बेचारों के लिए अगर शिक्षा के अधिकार से पहले एक छत का अधिकार सरकार ने लिख दिया होता और कोई सरकारी, गैरसरकारी, विश्रामघर, रैनबसेरे इन बेघरों के लिए भी सरकारें बनवा देतीं तो कोई भी सर्दी या गर्मी से मौत के मुंह में न जाता। बहुत से ऐसे सामाजिक और धार्मिक संगठन हैं जिनके बड़े-बड़े विशालकाय भवन, पंडाल, कथा भवन पूरे वर्ष में दो-चार बार ही प्रयोग में लाए जाते हैं, अन्यथा वहां एक भी व्यक्ति नहीं रहता। क्या सरकारें ऐसा आदेश लागू नहीं कर सकतीं कि इन बड़े-बड़े सामाजिक और धार्मिक संगठनों के भवनों में उन लोगों को शरण दी जाए जिनके पास कोई छत नहीं है। यह ठीक है कि धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार की ओट लेकर कोई भी धार्मिक संस्थान अपनी इच्छा के बिना इन लोगों को अपनी छत की ओट लेकर सोने की आज्ञा नहीं देगा। सभी जानते हैं कि इन भवनों का स्वामित्व नहीं दिया जाएगा, यहां शरण दी जाएगी। सामाजिक और धार्मिक संगठनों का अपना भी तो यह कत्त्रव्य है कि वे जनता के धन से बनी इन विशालकाय इमारतों का पूरा सदुपयोग करें, पर ऐसा होगा नहीं, क्योंकि जब तक राजभवनों और राजधानी में बैठे सरकार चलाने वालों के बड़े-बड़े भवन, बाग-बगीचे केवल दो चार व्यक्तियों के टहलने के लिए ही रहते हैं, तब तक समाज अपने दरवाजे उन बेचारों के लिए कैसे खोलेगा, और क्यों खोलेगा?

# शास्त्र ज्ञान

## चिंतन-मनन

**श्रीराम शर्मा आचार्य**

**जीवन** में ज्ञान का विशेष महत्व है। ज्ञान ऐसा प्रकाश है जो हमारे भीतर से अज्ञानता के अंधकार को दूर करता है और हमारे जीवन को सकारात्मक दिशा देता है। इसलिए ज्ञान को दृष्टि कहा जाता है। हां,केवल आंखों से भौतिक रास्ता तय होता है, लेकिन ज्ञानचक्षु से जीवन का रास्ता तय होता है। हमें सदैव स्मरण रखना चाहिए कि ज्ञान जब तक हमारे आचरण में नहीं आता उसका अर्थ सिद्ध नहीं हो सकता। केवल किताबी ज्ञान तक सीमित रहने से व्यावहारिक समस्याओं का समाधान भी कठिन हो सकता है। कभी-कभी तो किताबी ज्ञान दूसरों का अहित भी कर देता है। रामायण का राक्षसराज रावण चारों वेदों का ज्ञाता, निपुण ,पंडित और भाष्यकार भी था। चारों वेद उसे कंठस्थ थे! यद्यपि वेद तो सर्वश्रेष्ठ धर्म ग्रंथ हैं। उनमें दी गई शिक्षा भी उच्च कोटि की है। फिर भी रावण गलत पथ पर क्यों था? उसका पतन क्यों हुआ? स्पष्ट है कि शास्त्रों को पढ़ना और कंठस्थ करना अलग बात है और उन उपदेशों और शिक्षा को जीवन में उतारना अलग बात। रावण को वेदों की नैतिकता और पवित्र जीवन की शिक्षा में दिलचस्पी नहीं थी। वह तो स्वर्गीय वैभव, स्त्री, धन, ऐश्वर्य आदि में आसक्त था। ऐसी भटकी बुद्धि से कैसे वह शास्त्र को आत्मसात कर सकता था? इसलिए गीता में अर्जुन को श्रीकृष्ण ने इस विपरीत परिणाम का कारण बताते हुए कहा था। जिनके मन उस वैदिक वाणी से भटक जाते हैं और लौकिक सुख-धन से बहुत अधिक जुड़ जाते हैं उन्हें परमात्मा की कोई निश्चित समझ नहीं होती।' भगवान स्वामिनारायण कहते हैं जो लोग ऐसे विषयों के आसक्त होते है वे धर्मग्रंथों को लौकिक उपलब्धि का माध्यम बनाते हैं।' ठीक वैसे ही जैसे व्यसनी शराबी को मदिरा पान की तीव्र इच्छा होती है तो कोई भी बहाना बना कर, चीजों को गलत तरीके से पेश करके, जिद करके,धोखा देकर भी वह अपनी हसरत पूरी करता रहता है। इसलिए गीता में बताया कि ऐसे लोगों की वाणी सुनने में मधुर या शायद शास्त्र सम्मत भी लगती है परंतु यह जन्मझ्रमृत्यु के समान दुःख देने वाली है। इसके पालन से कभी भी परम मोक्ष नहीं होता।

## आपके पत्र

### अभी भी मौका है, हम सुधर जाएं

**दिल्ली** में जानलेवा साबित होते वायु प्रदूषण पर सर्वोच्च न्यायालय भी गंभीर दिख रहा है। उसने दिल्ली पुलिस को दिल्ली में पटाखे चलाने पर रोक लगाने में नाकामयाब होने पर फटकार लगाई है। लेकिन क्या हम सब डंडे से ही सुधरने वाले हैं? जब हम सब यह जानते हैं कि सर्दियों में वायु प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण पटाखे भी हैं तो हम क्यों इन्हें चलाते हैं?

सर्दियों में प्रकृति के विरुद्ध जो भी छोटे-छोटे काम किए जाते हैं वो वायु प्रदूषण का कारण भी बनते हैं, क्योंकि शायद सर्दियों में वातावरण में एक कॉल्ड परत बन जाती है जो दूषित हवा को बेसर नहीं होने नहीं देती, एक दायरे तक सीमित रहती है, और जब तक बारिश न हो तब तक यह प्रदूषित हवा धरती के करीब ही रहती है। इसलिए सर्दियों में त्योहारों या सामाजिक समारोहों में पटाखों का प्रयोग कम से कम, या न ही किया जाए तो अच्छा है।

**बीके घोष, रांची**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# गढ़वा में मतदान को लेकर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गढ़वा:** जिले में सुबह 7 बजे से मतदान शुरू हुआ, मतदाता सुबह से ही कतारों में लगकर मतदान कर रहे हैं, सुरक्षा व्यवस्था कड़ी है, क्योंकि सुरक्षा के लिए अधिकांश जगहों पर अर्धसैनिक बल तैनात किए गए हैं.

गढ़वा जिले में दो विधानसभा सीटें हैं, गढ़वा और भवनाथपुर, अगर गढ़वा सीट की बात करें तो एक तरफ झामुमो प्रत्याशी और मंत्री मिथिलेश ठाकुर हैं जो झारखंड सरकार के कद्दावर नेता माने जाते हैं, वहीं दूसरी तरफ भाजपा प्रत्याशी सत्येंद्रनाथ तिवारी हैं जो दो बार विधायक रह चुके हैं. वहीं तीसरे मोर्चे पर सपा प्रत्याशी गिरिनाथ सिंह हैं जो पूर्व मंत्री और विधायक रह चुके हैं. इस तरह गढ़वा विधानसभा सीट हॉट सीट बनी हुई है जहां त्रिकोणीय मुकाबला है.

वहीं अगर भवनाथपुर सीट की बात करें तो वहां से झामुमो प्रत्याशी अन्नत प्रताप देव हैं जो एक बार पूर्व विधायक रह चुके हैं, जो भाजपा प्रत्याशी भानु प्रताप शाही को कड़ी टक्कर दे रहे हैं. इसलिए देखा जाए तो दोनों सीटें महत्वपूर्ण मानी जा रही हैं.

**कितने हैं वोटर**

गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 4,15,107 हैं, जिसमें महिला मतदाताओं की संख्या 2,01,489 है जबकि पुरुष मतदाताओं की संख्या 2,13618 है. दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 9017 है. भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 4,35,798 है, जिसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 2,26,547 है जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 2,09251 है और यहां दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 8,464 है.



## चाहे जो हो वोट देना बहुत जरूरी : निर्वाचन पदाधिकारी



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** विधानसभा चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर स्वीप कोषांग साहिबगंज एवं दैनिक समाचार पत्र प्रभात खबर के संयुक्त तत्वावधान में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई।रैली को जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह- उपयुक्त श्री हेमंत सती उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी चित्रा यादव ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।रैली जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह- उपायुक्त उप विकास आयुक्त स्वीप कोषांग नोडल पदाधिकारी के नेतृत्व में रेलवे जेनरल इंस्टिट्यूट से आरंभ होकर गांधी चौक, पटेल चौक, स्टेशन रोड, ग्रीन होटल, टमटम स्टैंड, टाउन हॉल, पूर्वी फाटक, सुभाष चौक होते हुए पुलिस लाईन मैदान तक पहुंचकर समाप्त हुआ। इससे पूर्व उपायुक्त द्वारा सभी प्रतिभागियों व मतदाताओं और उपस्थित आमजनों को मतदाता शपथ दिलायी गई।रैली में मतदाताओं को मतदान की महत्ता से स्लोगनों व नारों के माध्यम से जागरूक किया। अभियान के तहत लोगों को अवगत कराया गया कि जिला में मतदान द्वितीय चरण में है। जिसकी तिथि 20 नवंबर को है। अतः सभी लोग अवश्य रूप से मतदान करने जाएं। मताधिकार का प्रयोग बिना किसी प्रलोभन में आये एवं बिना किसी डर व भय में ना करें। छात्र छात्राओं से अपिल किया गया कि वह अपने माता पिता को मतदान करने हेतु प्रेरित करे।रैली में आंगनबाड़ी सेविकाएं, जेएसपीएस की सखी दीदी, राष्ट्रीय सेवा योजना, उत्कृष्ट विद्यालय पोखरिया, यमुना दास चौधरी बालिका उच्च विद्यालय, भारत स्काउट और गाइड, एनसीसी ने संयुक्त रूप से मतदाता जागरूकता रैली को सफल बनाने में भाग लिया।चाहे जो हो वोट देना बहुत जरूरी जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह- उपायुक्त ने अपने संबोधन में बताया की जिले में आगामी 20 नवंबर को विधानसभा 2024 मतदान होगा। आयोग के दिशा निर्देश के आलोक में इस वर्ष मतदान प्रतिशत बढ़ाने का लक्ष्य है। जिला में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम चल रहा है। ग्रामीण मतदाताओं को प्रेरित कर बूथ तक लाने की जिम्मेदारी जिला प्रशासन कटिबद्ध है। आप सभी मतदाता वोट अवश्य करें लोकतंत्र को सशक्त बनाएं साथ ही युवा-युवतियां जिनके 18 वर्ष से अधिक हो चुका है लेकिन अभी तक उनके द्वारा वोट नहीं डाला जा रहा था उनको भी वोट का महत्व को समझाते हुए इस बार जरूर से वोट डालने के लिए प्रेरित किया गया तथा उनको मतदान करने के लिए शपथ दिलाई गई।

## पीठासीन पदाधिकारी का प्रशिक्षण का आयोजन



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** विधानसभा आम निर्वाचन- 2024 के सफल संचालन के क्रम में निर्वाचन से जुड़े पीठासीन पदाधिकारी को प्रशिक्षण दिया गया।विधानसभा आम चुनाव- 2024 निष्पक्ष, निर्भिक एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से जवाहर नवोदय विद्यालय साहेबगंज में पदाधिकारीयों व पीठासीन पदाधिकारी, पी1, पी2, पी3, को दिए जा रहे प्रशिक्षण का जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त हेमंत सती ने जायजा लिया।प्रशिक्षण के दौरान अनुलग्न 5, पीठासीन अधिकारी की रिपोर्ट, अनुलग्न 7, पीठासीन अधिकारी की डायरी, अनुलग्न 22 प्ररूप एम-21, मतदान के पश्चात दस्तावेज एवं सामाग्रियों की सुपुर्दगी की रसीद को भरे जाने एवं, ईभीएम हैंड सोन ट्रेनिंग दिए जा रही जिससे विधानसभा चुनाव सफलतापूर्वक कराया जा सके। मौके पर तीन बरहेट अ0ज0जा0 निवार्ची पदाधिकारी- सह- अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत, 1राजमहल निवार्ची पदाधिकारी- सह -अनुमंडल पदाधिकारी कपिल कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष उपस्थित थे।

## सामान्य प्रेक्षक ने नियंत्रण कक्ष और मीडिया मॉनिटरिंग सेल का जायजा लिया



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** विधानसभा चुनाव की तैयारियों के क्रम में 01-राजमहल विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक डॉ सी आर प्रसन्ना ने नियंत्रण कक्ष और मीडिया मॉनिटरिंग सेल का जायजा लिया।सामान्य प्रेक्षक ने वास्तविक समय संचार को संभालने और मतदान के दिन किसी भी मुद्दे पर तेजी से प्रतिक्रिया देने के लिए नियंत्रण कक्ष की तैयारियों का बारीकी से आकलन किया। उन्होंने प्रमुख स्थानों से कैमरा फीड का निरीक्षण किया, निगरानी प्रणालियों की कवरेज और कार्यक्षमता की जांच की, और चुनावी उल्लंघनों की रिपोर्ट करने के लिए डिजाइन किए गए सीविजिल ऐप के उपयोग के बारे में जानकारी ली।मीडिया मॉनिटरिंग सेल में, सामान्य प्रेक्षक ने मीडिया कवरेज की निगरानी चुनाव से संबंधित समाचारों पर नजर रखने और सोशल मीडिया प्रभावितों के प्रभाव का आकलन करने के लिए स्थापित प्रणालियों की समीक्षा की। उन्होंने विशेष रूप से सोशल मीडिया प्रभावित करने वालों के संबंध में गलत सूचना या आचार संहिता के उल्लंघन की पहचान करने के उपायों को समझने के लिए नोडल अधिकारी, श्री मार्टिन तारिक के साथ बातचीत की। उन्होंने यह सुनिश्चित करने में इस इकाई की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला कि चुनाव अवधि के दौरान गलत सूचना के प्रसार को रोकने में मदद करते हुए तथ्यात्मक जानकारी जनता तक पहुंचे।

## शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान करने की बात कही



**मेट्रो रेज संवाददाता**


**साहिबगंज :** आमजन की सुनवाई में कोई पदाधिकारी कोताही न बरतें समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त श्री हेमंत सती ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी। जनता दरबार में जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने अपनी समस्याओं से उपायुक्त महोदय को अवगत कराया। उपायुक्त महोदय ने उपस्थित लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी। साथ ही उनके सामाधान को लेकर उन्हें आश्वस्त कराया। संज्ञान में आए हुए शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान करने की बात कही। गौरतलब है। कि जनता दरबार के दौरान शिकायत के रूप में आए निर्वाचन कार्य में सक्रिय कोषांग, स्वास्थ्य संबंधी शिकायत आवेदन संबंधित एवं असंबंधित रहे।जनता दरबार में शिकायतकर्ता की समस्याएं को सुनने के पश्चात उपायुक्त महोदय ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को उनका समाधान करने को लेकर निर्देशित किया।

सभी आवेदनों की भौतिक जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें।

## उधवा झील में पहली बार दिखा स्पॉट बिल्लड पेलिकन पक्षी

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** झारखंड के साहिबगंज जिला स्थित उधवा झील में पहली बार दुर्लभ स्पॉट बिल्लड पेलिकन पक्षी देखा गया है।इसकी खोज तब हुई जब उधवा झील में उप वन परिसर पदाधिकारी इंद्रजीत कुमार व वन कर्मी कुंदन कुमार व अन्य झील का जायजा ले रहे थे। उक्त पक्षी भारत के गुजरात के कच्छ व आसपास के इलाकों में पाई जाती है।वहीं तमिलनाडु व आंध्र प्रदेश के पक्षी अभयारण्य में भी उक्त पक्षी देखी गई है। हजारीबाग के पक्षी विशेषज्ञ सत्य प्रकाश इंडियन बर्ड कॉन्सर्वेशन नेटवर्क राज्य सामन्यव्यक झारखंड बताते हैं कि उक्त पक्षी कुछ वर्ष पहले जादूगोड़ा,सिंहभूम में भी देखे गए हैं।ये पक्षी उधवा में पहली बार और झारखंड में दूसरी बार देखा गया है।ये पक्षी विलुप्त प्रायः की श्रेणी में हैं।ये बतख प्रजाति का बड़ा पक्षी है। इसके लंबे चोंच के नीचे थैली होती है। जिसकी मदद से ये मछली या अन्य भोजन करता है।हजारीबाग के बर्ड एक्सपर्ट श्री सत्य प्रकाश ने उधवा झील में पहली बार उक्त पक्षी के देखे जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि भोजन,प्रजनन व प्रवास के लिए अनुकूल उधवा झील दुनिया भर के दुर्लभ पक्षियों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है।वन विभाग लगातार उधवा झील को पक्षियों के लिए अनुकूल बनाने और उसे विकसित करने के लिए काम कर रहा है।



## न्यूज ब्रीफ

### जेएमएम प्रत्याशी के समर्थन में प्रचार के लिए कल्पना सोरेन का आगमन आज

साहिबगंजःबोरिया विधानसभा क्षेत्र के जेएमएम प्रत्याशी धनंजय सोरेन के लिए चुनाव प्रचार कार्यक्रम को लेकर स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन का 13 नवंबर को साहिबगंज बोरिया विधानसभा क्षेत्र के गुदायडाब फुटबॉल मैदान पर बने अस्थाई हेलीपैड पर हेलीकॉप्टर के द्वारा आगमन उपरांत तालझारी प्रखंड के भतभंगा में सभा का आयोजन को लेकर आगमन होना है।

### आपसी विवाद में बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल लाया गया सदर अस्पताल

**साहिबगंज :** मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासी जीतन मंडल के पिता कालीचरण मंडल को जीतन मंडल की दूसरी पत्नी एवं दो बेटा प्रकाश मंडल और संजय मंडल व दोनों बेटों की पत्नियों ने बुजुर्ग कालीचरण मंडल को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया वही घायल बुजुर्ग ने बताया कि में अपने घर मे था तभी मेरा बेटा जीतन मंडल की पत्नी एवं उनके दोनों बेटों की पत्नियों के द्वारा मुझे मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया वही किसी तरह अपने जान बचाकर मुफस्सिल थाना पहुंचे जहां से इलाज हेतु साहिबगंज सदर अस्पताल भेज दिया वही साहिबगंज सदर अस्पताल के डॉक्टर ऋतु राज के देख रेख में इलाज किया जा रहा है। वही मुफस्सिल थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### शातिर चोर गिरफ्तार, कई मामलों के थी पुलिस को तलाश

**साहिबगंज।** नगर थाना पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस की जारी विज्ञप्ति के अनुसार शहर में बढ़ती चोरी की वारदात को एसपी अमित कुमार सिंह से गंभीरता से लेते हुए मामलों के उद्भेदन के लिए सदर एसडीपीओ किशोर तिर्की के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। टीम ने छापामारी कर कई वारदातों में शामिल आरोपी, रेलवे नॉर्थ कॉलोनी, घाट लाइन रोड निवासी रितेश कुमार मंडल उर्फ चटक 20 को दबोच लिया। पुलिस ने उसके पास से चोरी का एक मोबाइल, एक लैपटॉप, चांदी का जितिया बरामद किया है। आरोपी का आपराधिक इतिहास भी रहा है। रितेश रेलवे थाना कांड संख्या 02/21, नगर थाना कांड संख्या 114 व 116 में आरोपी थी। उसने पुलिसिया पूछताछ में नगर थाना कांड संख्या 60/24, 103, 106, 128, 132 व 135/24 का उद्भेदन किया है। छापामारी में इंस्पेक्टर अमित कुमार गुप्ता, पुअनि प्रदीप कुमार महतो, शशि सिंह, गौरव भगत, प्रवीण प्रभाकर मौजूद थे।

### पूजा करने गई महिला गोऐठा आग से झुलसा लाया सदर अस्पताल

**साहिबगंज :** नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरानी साहिबगंज निवासी विजय पासवान की पत्नी रेणु देवी को आग से झुलस जाने से घायल हो गई वही परिजनों ने आनन फानन में साहिबगंज सदर अस्पताल लाया जहां डॉक्टर ऋतु राज के देख रेख मे इलाज किया जा रहा है वही रेणु देवी ने बताया कि घर पर पूजा करने गई थी तभी अचानक पीछे से गोऐठा में आग था। जो पीछे से साड़ी आग लग गई।जिससे मेरे दाहिना हाथ जल गया जहां डॉ के देख रेख मे इलाज किया जा रहा है।पूजा करने के लिए गेयठा में आग सुलग रही थी तभी पीछे से तभी पीछे से कपड़े में आग पकड़ लिए जिसके कारण दाहिना हाथ गया पाताल में भर्ती इलाज रथ।

### जमीनी विवाद में मारपीट एक घायल

**साहिबगंज:** मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत छोटी कोदरजन्ना निवासी मोहम्मद जहूर आलम के पुत्र मोहम्मद तबरेज आलम को उनके बड़े भाई अब्बू राजा एवं उनके तीनों बेटों ने मोहम्मद तबरेज आलम को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया वही स्वजनों ने आनन - फानन में साहिबगंज सदर अस्पताल लाया जहां डॉ ऋतु राज के देख रेख में इलाज किया जा रहा हैं वही घायल तबरेज आलम ने बताया कि मैं अपने जमीन पर जो मुझे पिता के द्वारा हिस्सा में दिया गया में उस हिस्से के जमीन में खेती बाड़ी कर रहा था।कि अचानक मेरे बड़े भाई अब्बू राजा एवं उनके बेटा हसन राजा ,कासिफ राजा और तौफिक राजा ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया जहां किसी तरह स्वजनों के इलाज हेतु साहिबगंज सदर अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर के देख रेख मे इलाज किया जा रहा हैं। वही मुफस्सिल थाना प्रभारी मदन कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### जनसंपर्क अभियान चलाकर एमटी राजा के पक्ष में मतदान करने की अपील



**साहिबगंज :** झामुमो के केंद्रीय समिति के सदस्य सह नगर संयोजक मंडली के अध्यक्ष सुरेंद्र यादव के नेतृत्व में राजमहल विधानसभा प्रत्याशी एम टी राजा के पक्ष में नगर क्षेत्र के स्टेशन चौक,नॉर्थ कलोनी सहित कई जगह में जनसंपर्क अभियान चलाकर एमटी राजा के पक्ष में मतदान करने की अपील की।जनसंपर्क अभियान में कपिल देव,संयोजक मंडली के सदस्य वारिस अनवर,रंजन चौरसिया,नौमान अंसारी,राजू अंसारी,अभिषेक पासवान, अजमत हुसैन,मोहम्मद रमजानी, राजेश कुमार,सोनू निगम,शादाब अंसारी,पप्पू अंसारी,सुल्तान अंसारी,लाल बाबू सहित कई लोग शामिल थे।

### निर्भीक होकर करायें मतदान, सुरक्षा की गारंटी हमारीः डीसी

**लातेहार :** जिले के लातेहार व मनिका विधानसभा क्षेत्र में 13 नवंबर को चुनाव होंगे. जिला स्टेडियम, लातेहार के पास स्थित भारत माता भवन परिसर में बनाए गए डिस्पैच सेंटर से प्रातः 5 बजे से 65 हेली ड्रॉपिंग बूथ के लिए पीठासीन, प्रथम मतदान पदाधिकारियों को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने उनकी हौसला अफजाई कर मनिका विधानसभा के लिए रवाना किया. इस दौरान उपायुक?त बहुत सहज दिखे और मतदान कर्मियों से भी पूरी सहजता के साथ बातचीत की. उनकी हौसला अफजाई करते हुए कहा कि आप निर्भिक हो कर मतदान करायें, आपकी सुरक्षा की गारंटी हमारी है.

डीसी ने सभी मतदान कर्मियों की सुरक्षा व्यवस्था के साथ कलस्टरों में भोजन, पानी, शौचालय, निर्बाध बिजली की व्यवस्था एवं कलस्टरों में चिकित्सीय दल की भी प्रतिनियुक्ति की गई है. उपायुक्त ने मतदान कर्मियों को संबंधित पोलिंग पार्टी एवं पुलिस के जवानों के साथ समन्वय स्थापित कर मतदान कार्यों का सफल बनाने का निर्देश दिया. उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव अहले सुबह ही पहुंच कर डिस्पैच सेंटर से मतदान कर्मियों को उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं का अवलोकन किया.



## भोजपुरी सुपरस्टार अक्षरा सिंह से मांगी 50 लाख की रंगदारी, न दने पर जान से मारने की धमकी

**भोजपुरी** फिल्मों की सुपरस्टार अभिनेत्री अक्षरा सिंह से अपराधियों ने 50 लाख रुपए रंगदारी की मांग की है और पैसे न देने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को यहां बताया कि अक्षरा सिंह के मोबाइल फोन पर सोमवार देर रात अलग-अलग नंबरों से दो कॉल आए। अक्षरा सिंह को दो दिनों के अंदर 50 लाख रुपए की रंगदारी देने के लिए कहा गया है और पैसे न देने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई है। सूत्रों ने बताया कि इस मामले में अक्षरा सिंह ने दानापुर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। मामले की जांच की जा रही है। अक्षरा सिंह को फोन कॉल करने वालों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

## मैं हमेशा से मां बनना।। नागा चैतन्य से तलाक के 3 साल बाद मदरहुड पर बोलीं सामंथा



**सामंथा** रुथ प्रभु हाल ही में वरुण धवन के साथ स्पाई-थ्रिलर सीरीज सिटाडेलः हनी बनी में नजर आई थीं। ये सीरीज ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजॉन पर रिलीज हो गई है, जो देशभर में दर्शकों का प्यार बटोर रही है। इसी बीच सीरीज का प्रमोशन करते हुए एक्ट्रेस ने नागा चैतन्य संग तलाक के तीन साल बाद मदरहुड पर बात की है। उन्होंने यह भी बताया कि वह हमेशा से मां बनना चाहती थीं।

**मैं हमेशा से मां बनना चाहती थी:** सामंथा रुथ प्रभु ने टाइम्स नाउ के साथ एक इंटरव्यू में अपने मां बनने के सपने पर खुलकर बात की है। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि बहुत देर हो चुकी है। मेरे पास अभी भी मां बनने के सपने हैं और हां, यकीनन मैं मां बनना पसंद करूंगी, मैं हमेशा से मां बनना चाहती थी। ये काफी खूबसूरत एक्सपीरियंस है। मैं इसका इंतजार कर रही हूं। लोग अक्सर उम्र को लेकर चिंतित रहते हैं, लेकिन मुझे लगता है कि जीवन में ऐसा कोई समय नहीं आता जब आप मां नहीं बन सकतीं। अब उनके इस इंटरव्यू के बाद फैंस कयास लगा रहे हैं कि सामंथा अब अपनी लाइफ में मूव ऑन कर रही हैं और अपना फ्यूचर देख रही हैं।

**सामंथा और नागा चैतन्य का तलाक:** सामंथा रूथ प्रभु ने कुछ सालों के रिलेशनशिप के बाद साउथ एक्टर नागा चैतन्य से शादी की थी। हालांकि, तीन साल बाद साल 2021 में दोनों ने तलाक ले लिया था। जिसके बाद एक्टर बहुत जल्द रमन राघव 2।0 एक्ट्रेस शोभिता धुलिपाला संग शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। हाल ही में दोनों ने अपनी सगाई की तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट की थी।

## तमन्ना भाटिया की मूवी सिकंदर का मुकद्दर का ट्रेलर आउट



**एक्ट्रेस तमन्ना** भाटिया स्टारर फिल्म सिकंदर का मुकद्दर का ट्रेलर आउट हो गया है। इस फिल्म में एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया, अविनाश तिवारी और जिमी शेरगिल नजर आयेंगे। ट्रेलर की शुरूआत 2 मिनट, 28 सेकंड के एक फोन कॉल के साथ शुरू होती है। जिसमें देखा जा सकता है कि डायमंड की प्रदर्शनी से लाल हीरे की चोरी हो जाते हैं। जिसमें हीरों की लूट की दिलचस्प और थ्रिलर्स कहानी बताई गई है। फिल्म में जिम्मी शेरगिल पुलिस की भूमिका में हैं। जिनको चोरी का शक तमन्ना और अविनाश तिवारी पर है। वो उनके पीछे पड़े हुए हैं। वहीं फिल्म 29 नवंबर, 2024 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। वहीं इस फिल्म का निर्देशन नीरज पांडे ने किया है। जबकि प्रोड्यूस शीतल भाटिया ने किया है। यह फिल्म सस्पेंस से भरी है। जिसमें 60 करोड़ का हीरा चोरी हो जाता है। सिकंदर का मुकद्दर एक सस्पेंस थ्रिलर फिल्म है, जो एक अनसुलझे हीरे की चोरी के बाद चोर को पड़कने के मिशन की कहानी है। जिसमें एक पुलिस अधिकारी को तीन लोगों पर शक होता है और वो उन तीन लोगों के पीछे पड़ जाता है। तमन्ना भाटिया को हाल ही में स्त्री 2 में देखा गया था। वहीं अविनाश तिवारी लैला मजनू से लोकप्रिय हुए और उन्हें आखिरी बार मडगांव एक्सप्रेस में देखा गया था।

## आईसीसी : पाकिस्तान ने किया इनकार तो अफ्रीका में खेली जाएगी चैंपियंस ट्रॉफी




**एजेंसी/कराची:** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत के पाकिस्तान जाने से इनकार के बाद पाकिस्तान से टूर्नामेंट की हाइब्रिड मॉडल में मेजबानी को लेकर जवाब मांगा है। पीसीबी ने पुष्टि की थी कि उसे आईसीसी से ईमेल मिला है कि भारतीय टीम पाकिस्तान नहीं जाएगी। एक सूत्र ने कहा, अगर पीसीबी चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी से पीछे नहीं हटता है, तो यह तय है कि भारत के मैच यूएई में और फाइनल दुबई में होगा।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने आईसीसी से कहा है कि उसे हाइब्रिड मॉडल स्वीकार्य है, बशर्ते फाइनल दुबई में हो, पाकिस्तान में नहीं। आईसीसी ने यह भी कहा कि इसके तहत उसे पूरी मेजबानी फीस और अधिकांश मैच मिलेंगे। वहीं, पीसीबी के टूर्नामेंट की मेजबानी से इनकार की दशा में पूरा टूर्नामेंट दक्षिण अफ्रीका में करवाया जा सकता है।



# बिग बॉस 18 के प्रोमो में दिखा दिग्विजय और अविनाश के बीच घमासान

**बिग बॉस** 18 ? में काफी कुछ देखने को मिल रहा है। दरअसल बिग बॉस 18 में कल के एपिसोड में विवियन डीसेना और रजत दलला के बीच गरमा-गर्मी देखने को मिला। तो वहीं घर में एक नया टॉस्क दिया गया, जिसके अनुसार घर का टाइम गार्ड कौन होगा, इसके बारे में निर्णय लिया गया। जिसमें रजत दलाल और शिल्पा शिरोडकर का नाम लिस्ट में शामिल है। जिसके बाद बॉस 18 के प्रोमो में दर्शकों को अविनाश मिश्रा और दिग्विजय राठी के बीच घमासान देखने को मिलेगा। दरअसल दिग्विजय और अविनाश मिश्रा टॉस्क के चलते एक दूसरे से लड़ने लगे। जिसमें दिग्विजय राठी पहले अविनाश को धक्का देते हुए नजर आते हैं। जिसके बाद जब अविनाश ने दिग्विजय को धक्का दिया, तो दिग्विजय नीचे गिरते दिखे। दोनों की लड़ाई काफी बढ़ गई। बीच बचाव में घर वाले आते हैं। आपको बता दें कि टास्क के दौरान दिग्विजय शिल्पा शिरोडकर की टोकरी पर हमला करते हुए नजर आते हैं। पास में अविनाश भी खड़े हुए होते हैं। टोकरी को गिराने के चक्कर में दिग्विजय राठी खुद गिर जाते हैं। जिसके बाद ऐसा लगता है कि अविनाश मिश्रा ने दिग्विजय को धक्का दिया है। जबकि ऐसा नहीं होता है। अविनाश मिश्रा और दिग्विजय दोनों ने एक-दूसरे को धक्का दिया है। जिसकी वजह से अविनाश मिश्रा को किसी प्रकार की सजा नहीं दी जाएगी। दिग्विजय इस समय नॉमिनेट हैं, जिसकी वजह से कहीं ना कहीं उनको इस हफ्ते अपने आप को बचाने के लिए भी उन्होंने अविनाश संग लड़ाई की हो ऐसा कहना इस शो को देख रहे दर्शकों का है।

## 19 साल बाद लौटा 90के दशक का सुपरहीरो शक्तिमान




**शक्तिमान** 90 के दशक का सुपरहीरो वापस लौट आया है। दरअसल शक्तिमान को फिर से लॉन्च किया जा रहा है। मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर शक्तिमान की एक वीडियो अपलोड किया है। जिसमें शक्तिमान एक स्कूल में बच्चों के साथ नजर आ रहे हैं। जिसमें मुकेश खन्ना ने शक्तिमान की पोशाक को पहना है। साथ ही मुकेश खन्ना एक इंटरव्यू में वो शो के सीक्वल के बारे में बात करते दिख रहे हैं। और उन दिनों को भी याद किया, जब उन्होंने टीवी इंडस्ट्री की मशहूर प्रोड्यूसर एकता कपूर के खिलाफ बयान दिया था। हांलाकि मेकर्स ने अभी तक शक्तिमान की डेट फाइल नहीं किया है।

साथ ही मुकेश खन्ना अपने किरदार के बारे में बात करते हुए कहा कि, ह्ययह मेरे अंदर की पोशाक है। मैं समझता हूं कि मेरे पर्सनल माइंड में भी ये ड्रेस बोलो, ये केरेक्टर बोलो, ये मेरे अंदर से निकला है। मैं भीष्म पितामह इसलिए अच्छा किया था, क्योंकि वो मेरे अंदर से निकला था। मेरा शक्तिमान इसलिए अच्छा किया, क्योंकि वह मेरे अंदर से निकलाह्ल। आगे कहा, मैं कोई रोमांटिक रोल नहीं कर सकता हूं, क्योंकि वो मेरे अंदर से नहीं निकलेगा। मैं विलेन का रोल नहीं कर सकता, क्योंकि वो मेरे अंदर से नहीं निकलेगा। एक्टिंग का मतलब है आत्मविश्वास। जब मैं शूटिंग कर रहा होता हूं तो कैमरे के बारे में भूल जाता हूं। मैं फिर से शक्तिमान बनकर दूसरों से भी ज्यादा खुश हूं।अपने इंटरव्यू के दौरान मुकेश खन्ना ने बताया कि शक्तिमान रिटर्न के लिए कोई भी बॉलीवुड एक्टर को साइन नहीं किया गया है। मुकेश खन्ना ने आगे कहा, ह्यशक्तिमान अगेन बनने में जितना मुझे खुशी हुई है, जितना किसी को भी नहीं होगी, उससे ज्यादा मुझे हुई है, क्योंकि मैं अपना दायित्व निभा रहा हूं, जो मैंने 1997 में शुरू किया था और जो 2005 तक चला। मुझे लगता है कि मेरा काम 2027 में लोगों तक पहुंचना चाहिए।

## टीम इंडिया के लिए एक बड़ी खुशखबरी रणजी ट्रॉफी से वापसी करेंगे मोहम्मद शमी



**नई दिल्ली:** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले टीम इंडिया के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी फिट हो गए हैं और वह मैदान पर वापसी करने के लिए तैयार हैं। करीब एक साल के बाद वह प्रोफेशनल मैच खेलते हुए नजर आएंगे। 19 नवंबर, 2023 को उन्होंने आखिरी मुकाबला भारत के लिए खेला था। इसके बाद से वे कोई घरेलू मैच भी चोट के कारण नहीं खेल पाए। हालांकि, अब उनको रणजी ट्रॉफी में मौका मिलेगा और वह बुधवार को मैदान पर नजर आएंगे। इस बात का ऐलान बंगाल क्रिकेट संघ ने किया है।

मोहम्मद शमी बुधवार से मध्य प्रदेश के खिलाफ रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी के मैच में इंदौर के मैदान पर अपना दमखम दिखाते नजर आएंगे। बंगाल क्रिकेट एसोसिएशन ने कहा, यह इंडियन क्रिकेट और बंगाल रणजी ट्रॉफी के लिए अच्छी बात है कि मोहम्मद शमी अपना कमबैक करने जा रहे हैं। वह बुधवार से इंदौर में मेजबान मध्य प्रदेश के खिलाफ शुरू हो रहे रणजी मैच में खेलने वाले हैं। पिछले साल नवंबर में आखिरी मुकाबला भारत के लिए खेलने वाले शमी मध्य प्रदेश के खिलाफ टीम के तेज गेंदबाजी आक्रमण की बागडोर संभालेंगे।

# आज बढ़त बनाने उतरेंगे भारत-साउथ अफ्रीका

### तीसरा ट्वेंटी-20 आज रात

**एजेंसी/ सेंचुरियनः** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच चार मैचों की टी-20 सीरीज का तीसरा मुकाबला बुधवार को खेला जाएगा। दोनों टीमों के बीच सीरीज फिलहाल 1-1 की बराबरी पर चल रही है और भारतीय टीम की नजरें इस मुकाबले को जीतकर सीरीज में बढ़त हासिल करने पर टिकी होगी। भारतीय टीम को पिछले मैच में हार का सामना करना पड़ा था और सूर्यकुमार यादव की अगवाई वाली टीम वापसी के लिए तैयार होगी। वहीं, सीरीज के पहले मैच को भारत ने आसानी से 61 रन से अपने नाम किया। संजू सैमसन ने इसमें शतक लगाया। चार मैचों की सीरीज में इस मैच की विजेता टीम के पास 2-1 की बढ़त हो जाएगी। साउथ अफ्रीका और भारत का तीसरा




टी-20 सेंचुरियन के सुपर स्पोर्ट्स पार्क में भारतीय समय अनुसार रात आठ बजकर 30 मिनट से खेला जाएगा। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच अभी तक कुल 29 मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें से 16 में भारत ने जीत हासिल की है। वहीं, 12 में अफ्रीकी टीम ने बाजी मारी है। ऐसे में टीम इंडिया का टी-20 इंटरनेशनल में अफ्रीका के खिलाफ पलड़ा भारी है।

भारतीय टीम ने सेंचुरियन के मैदान पर साउथ अफ्रीका के खिलाफ एक टी-20 इंटरनेशनल मैच साल 2018 में खेला था, जिसमें अफ्रीका ने छह विकेट से जीत हासिल की थी। तब अफ्रीका के लिए हेनरिक क्लासेन ने 69 रनों की पारी खेली थी और अफ्रीका को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। वहीं, एक्यूवेदर की रिपोर्ट के मुताबिक, 13 नवंबर को सेंचुरियन में शाम में बारिश की संभावना आठ प्रतिशत तक है। इसके अलावा शाम में आसमान साफ रहेगा और तेज बारिश की कोई भी संभावना नहीं है। सेंचुरियन में शाम पांच बजे से रात 11 बजे तक मौसम बिल्कुल साफ रहेगा। ऐसे में पूरा मैच होने की पूरी उम्मीद है। फैंस आराम से इस मुकाबला के आनंद ले सकते हैं।

**साउथ अफ्रीका—** एडन मार्करम (कप्तान), रयान रिकेलटन, ट्रिस्टन स्टब्स, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), डेविड मिलर, पैट्रिक क्रूगर, मार्को जानसन, एंडिले सिमलेन, गेराल्ड कोएट्जी, केशव महाराज, नकाबायोमजी पीटर, मिहलाली मपोंगवाना, डोनोवन फरेरा, ओटनील बार्टमैन, रीजा हेंड्रिक्स।

**भारत—** संजू सैमसन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, रिंकू सिंह, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, रवि बिश्नोई, वरुण चक्रवर्ती, अवेश खान, जितेश शर्मा, विजयकुमार वैशाक, रमनदीप सिंह, यश दयाल।

# प्रदूषणः उत्तर भारत पर दिखा असर, दिल्ली-एनसीआर में यातायात प्रभावित, सात फ्लाइट डायवर्ट

**नई दिल्ली :** राजधानी दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के शहरों में बुधवार सुबह सीजन का पहला कोहरा देखा गया है। जिससे दृश्यता पर काफी असर पड़ा। दिल्ली में कोहरे के साथ प्रदूषण की वजह से एक पतली परत दिखी। जिससे दृश्यता 100 मीटर तक पहुंच गई है। सड़क मार्ग से लेकर हवाई मार्ग पर भी इसका असर पड़ा है। उत्तर भारत में कोहरे के साथ धुंध की जुगलबंदी देखने को मिल रही है।

उत्तर भारत में कम हुई दृश्यताः दिल्ली के पालम हवाई अड्डे पर दृश्यता बीती शाम सात बजे 900 मीटर से घटकर रात साढ़े 11 बजे 300 मीटर रह गई। वहीं दूसरी तरफ अन्य राज्य में भी दृश्यता पर असर पड़ा। विभिन्न हवाई अड्डों पर दृश्यता 1000 मीटर से नीचे दर्ज हुई।

दिल्ली-एनसीआर में कोहरा भी और धुंध भीः राजधानी में हवा की दिशा व गति बदलने से आबोहवा में थोड़ा सुधार हुआ है मगर दिल्ली-एनसीआर में धुंध छाई हुई है। आबादी वाले इलाकों के साथ ही खुले क्षेत्रों में धुंध की



चादर गहरा गई है। मौसम में ठंडक बढ़ी है। दृश्यता में कमी है। सवेरे 6 बजे पालम हवाई अड्डे पर दृश्यता 100 मीटर से भी कम रही। वहीं आज सुबह गुरुग्राम में वायु गुणवत्ता लगातार खराब होने के कारण शहर पर धुंध की मोटी परत छाई हुई है। ग्रेटर नोएडा में भी ऐसा ही नजारा देखने को मिला।

ताजा आंकड़ों के मुताबिक, दिल्ली के इंदिरा गांधी ने आज सुबह 8:30 बजे दृश्यता शून्य मीटर बताई, जबकि कुछ स्थानों पर आरवीआर 125 से 500 मीटर के बीच रहा। दिल्ली में इस मौसम का पहला घना कोहरा सुबह पालम में 50 मीटर पर अभी भी घना कोहरा रहा। सफदरजंग में 400 मीटर पर मध्यम कोहरा छाया हुआ है। दिल्ली से सात फ्लाइट डायवर्टः आईएमडी दिल्ली में सुबह कोहरे की स्थिति में तेजी के साथ मौसम में काफी बदलाव आया है और शहर में घना से लेकर बहुत घना कोहरा छाया दिखा। तापमान के मामले में पिछले 24 घंटों में न्यूनतम तापमान आज 17.0 डिग्री सेल्सियस और कल सुबह 17.9 डिग्री सेल्सियस रहा। जिसमें 0.9 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई है। मौसम विभाग ने आशंका जताई है कि आज कोहरा और धुंध छाई रह सकती है। दिल्ली में घने कोहरे की वजह से बुधवार सुबह सात बजे सात उड़ानों को डायवर्ट किया गया है। इसमें छह जयपुर और एक लखनऊ के लिए है।

दिल्ली में एक्यूआई मंगलवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 334 दर्ज किया गया, जोकि बेहद खराब श्रेणी में है। इसमें सोमवार की तुलना में 18 सूचकांक की गिरावट दर्ज की गई। दिन भर स्मॉग की चादर छाई रही। इससे लोगों को आंखों में जलन व सांस लेने में परेशानी हुई महसूस की। वहीं, सुबह स्मॉग और धुंध की वजह से दृश्यता में गिरावट दर्ज की गई। सफदरजंग एयरपोर्ट में सुबह 7:30 बजे दृश्यता 1000 मीटर रिकॉर्ड की गई। साथ ही, पालम में सुबह आठ बजे दृश्यता 1000 मीटर रही। इससे वाहन चालकों को दूर तक साफ-साफ देखने में परेशानी हुई। जबकि गाजियाबाद में बुधवार सुबह धुंध की चादर देखने को मिली तो वायु गुणवत्ता 338 दर्ज हुई। अगले दो दिन रहेगा प्रदूषण का जोरः डिसिजन स्पोर्ट सिस्टम (डीएसएस) के मुताबिक हवा में पराली से होने वाली वाले प्रदूषण की हिस्सेदारी सबसे अधिक 18.094 फीसदी रही। जबकि ट्रांसपोर्ट से होने वाले प्रदूषण की हिस्सेदारी 15.493 फीसदी, कूड़ा जलने से होने वाले प्रदूषण की हिस्सेदारी 1.417 फीसदी रही। सीपीसीबी के अनुसार, शुक्रवार तक वायु प्रदूषण की यही स्थिति रहने वाली है। इसमें कोई बड़ा बदलाव नहीं आएगा। ऐसे में लोगों को बेहद खराब हवा में सांस लेने को मजबूर होना पड़ेगा। आज से बदलेगी हवा की दिशाः भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के मुताबिक आज से हवा की दिशा बदलेगी। इस दौरान उत्तर-पश्चिम से दक्षिण-पूर्व दिशा से हवाएं चलेंगी। वहीं, हवा की चाल दो से आठ किलोमीटर प्रतिघंटे रहने की आशंका है। इससे प्रदूषण का स्तर और बढ़ने का अनुमान है। उधर, बृहस्पतिवार को हवा विभिन्न दिशा से चलने का अनुमान है। इस दौरान हवा दो से आठ किलोमीटर प्रतिघंटे से चलेंगी। वहीं, शुक्रवार को हवाएं उत्तर-पश्चिम दिशा से चलने का अनुमान है। इस दौरान हवा की चाल आठ से 16 किलोमीटर प्रतिघंटे रहेगी।

### न्यूज ब्रीफ



## जेल में खूनी झड़प, आपस में भिड़ गए कैदी, 15 की मौत

**क्विटोः** इक्वाडोर की सबसे बड़ी जेल में कैदियों के बीच हुई झड़प में कम से कम 15 कैदी मारे गए और 14 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी राष्ट्रीय जेल प्रशासन एजेंसी एसएनएआई ने दी। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि हिंसा मंगलवार सुबह दक्षिण पश्चिम शहर गुआयाकिल में लिटोरल पेनिटेंटरी के एक विंग में भड़क उठी। बयान के अनुसार, ह्यसुरक्षा समूह (पुलिस और सशस्त्र बल) ने सुविधाओं पर पूर्ण नियंत्रण स्थापित करने और बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाने के लिए तत्काल कार्रवाई की और रक्तपात की जांच चल रही है। लिटोरल पेनिटेंटरी में संगठित अपराध और मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े समूहों के कैदियों के बीच अक्सर झड़पें होती रहती है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, फरवरी 2021 से अब तक ऐसी घटनाओं में 400 से ज्यादा कैदी मारे जा चुके हैं।

## पहली बार लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण, चीन से पाक तक टारगेट



**एजेंसी/ चांदीपुरः** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) को मंगलवार को एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। इसने पहली बार मोबाइल आर्टिकुलेटेड लांचर से लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल (एलआरएलएसीएम) का सफल उड़ान परीक्षण किया है। यह परीक्षण ओडिशा के चांदीपुर परीक्षण केंद्र से किया गया है। क्रूज मिसाइल परीक्षण के दौरान सभी उप-प्रणालियों ने उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन किया और मिसाइल अपने टारगेट को पाने में कामयाब रही। एलआरएलएसीएम को लंबी दूरी में स्थित जमीन पर आधारित लक्ष्यों को टारगेट करने के लिए सटीक स्ट्राइक क्षमता के लिए डिजाइन किया गया है। मिसाइल के प्रदर्शन की निगरानी रडार, इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम (ईओटीएस) और आईटीआर द्वारा विभिन्न स्थानों पर तैनात टेलीमेट्री जैसे कई रेंज सेंसर द्वारा की गई ताकि उड़ान पथ की पूरी कवरेज सुनिश्चित की जा सके। यह परीक्षण देश की रक्षा तत्परता बढ़ाने के लिए डिजाइन की गई स्वदेशी मिसाइल प्रणालियों के विकास में एक मील का पत्थर है। एंटी-शिप बैलिस्टिक क्रूज मिसाइल है, जिसकी रेंज 1000 किलोमीटर है। यानी यह मिसाइल 1,000 किलोमीटर से अधिक दूरी पर चलते युद्धपोतों या विमान वाहकों को मार गिराने में सक्षम होगी। यानी इस मिसाइल से हिन्द महासागर से अरब सागर तक और चीन से पाकिस्तान तक टारगेट साधा जा सकता है।

## दहेज में 10 लाख न मिलने पर ससुरालियों ने बहू के कमरे में लगा दिया हिडन कैमरा और फिर

**बागपतः** दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुराल में बहू के साथ मारपीट की घटनाएं तो सामने आती रहती थीं, लेकिन अब एक ऐसा मामला सामने आया है जिसमें ससुरालियों ने बहू को ब्लैकमेल करने के लिए उसके कमरे में हिडन कैमरा लगा डाला। शर्मसार करने वाली यह घटना उत्तर प्रदेश के बागपत जिला के खेकड़ा थाना क्षेत्र के तहत पेश आई है। यहां रटौल गांव में एक परिवार ने दहेज में 10 लाख रुपए की मांग पूरी न होने पर बहू को ब्लैकमल करने के लिए उसके कमरे में हिडन कैमरा लगा दिया। इसकी जानकारी लगने पर पीड़ित बहू ने अपने पति और सास-ससूर के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। मामले की पुष्टि करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि खेकड़ा कोतवाली क्षेत्र के रटौल गांव की रहने वाली पुष्पा की शादी पांच साल पहले करावलनगर के थाना दयालपुर क्षेत्र के रोशन विहार में जितेंद्र कुमार के साथ हुई थी। लड़की के मायके वालों के अनुसार, शादी में ससुराल पक्ष के लोगों को आल्टो कार, लगभग 25 लाख रुपए के आभूषण, सामान के अलावा नगदी भी दी थी। शादी के कुछ महीने बाद ही पति जितेंद्र कुमार, ससुर सुंदरपाल, सास राजवती, ननद रीना, पुष्पा से दहेज की मांग करने लगे। पीड़िता पुष्पा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुराल में उसका उत्पीड़न किया जाने लगा। आए दिन उसके साथ मारपीट भी की जाती थी। उसने बताया, उसने अपने मायके से उनको एक लाख रुपए भी लाकर दे दिए, लेकिन उनकी मांग जारी रही। आरोप है कि उसको ब्लैकमेल करने के लिए सास, ससुर और पति ने उसके बेडरूम में हिडन कैमरा लगा दिया, जिससे वे उसे ब्लैकमेल कर और रुपए मंगवा सकें। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया, पीड़िता पुष्पा की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए विवेचना शुरू कर दी है। विवेचना के दौरान जो भी तथ्य सामने आएंगे, उन्हीं के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

## नाबालिग को अगवा कर ले जा रहे युवक की मौत, प्रेम-प्रसंग की आशंका

**समस्तीपुरः** जिले में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। यह मामला समस्तीपुर के उजियारपुर थाना क्षेत्र के महिसारी का है। दरअसल बाइक सवार युवक एक नाबालिग को अगवा कर ले जा रहा था। तभी उसकी सड़क हादसे में मौत हो गई। जबकि बाइक पर बैठी नाबालिग गंभीर रूप से जख्मी हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जख्मी किशोरी को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। साथ ही शव को कब्जे में लिया। वहीं मृतक की पहचान वारिसनगर थाना के सतमलपुर वार्ड पांच निवासी श्याम कुमार के रूप में हुई है। जबकि जख्मी किशोरी दलसिंहसराय की रहने वाली बतायी जा रही है। दूसरी ओर लोगों में चर्चा है कि किशोरी प्रेम-प्रसंग में युवक के साथ भाग रहीः पुलिस की पूछताछ में जख्मी नाबालिग ने बताया कि वह रात में शौच के लिए घर से निकली थी। उसी दौरान बाइक पर सवार लड़कों ने उसे खेत से अगवा कर लिया। जब उसे वो लोग ले जा रहे थे उसी दौरान बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसमें बाइक चला रहे युवक की मौत हो गई। किशोरी का कहना है कि बाइक सवार लड़कों को वो नहीं पहचानती है। जिसके बाद युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। दूसरी ओर लोगों में चर्चा है कि किशोरी प्रेम-प्रसंग में युवक के साथ भाग रही थी। उसी क्रम में कुछ लोगों ने पकड़ने के बाद युवक की हत्या की। रात में घटनास्थल पर गोली चलने की भी आवाज सुनी गई।

## अब मामले की तत्काल सुनवाई में मौखिक उल्लेख काफी नहीं

- सीजेआई बनते ही जस्टिस खन्ना ने बदल डाली जस्टिस चंद्रचूड़ वाली व्यवस्था
- तुरंत सुनवाई को ई-मेल या लिखित पत्र जरूरी, वजह भी बतानी होगी



**नई दिल्लीः** देश के नए मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना बतौर सीजेआई अपने कार्यकाल के दूसरे दिन यानी मंगलवार को खूब एक्शन में दिखे। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में मामलों की तत्काल सुनवाई पर नई व्यवस्था करने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि मामलों को तत्काल सूचीबद्ध करने और उन पर सुनवाई के लिए मौखिक उल्लेख करने की अनुमति अब नहीं दी जाएगी। उन्होंने वकीलों से इसके लिए ई-मेल या लिखित पत्र भेजने का आग्रह किया। आमतौर पर वकील दिन की कार्यवाही की शुरूआत में सीजेआई की अगवाई वाली पीठ के समक्ष अपने मामलों पर तत्काल सुनवाई के लिए उनका मौखिक उल्लेख करते रहे हैं। चीफ जस्टिस खन्ना ने इस पुरानी परंपरा को बदलते हुए कहा कि अब कोई मौखिक उल्लेख नहीं होगा। केवल ई-मेल या लिखित पर्ची/पत्र के जरिए ही तत्काल सुनवाई के लिए अनुरोध स्वीकार किया जाएगा। बस, उस पत्राचार में वकीलों को तत्काल सुनवाई की आवश्यकता के कारण बताने होंगे। बता दें कि पूर्व सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ के कार्यकाल के दौरान मौखिक उल्लेख की परंपरा ने वकीलों को मौखिक रूप से तत्काल केस की लिस्टिंग का अनुरोध करने की अनुमति दी थी। हालांकि, इस व्यवस्था का इस्तेमाल आमतौर पर आसन्न गिरफ्तारी के मामलों या पुलिस की कार्रवाई में अक्सर विध्वंस के मामलों में राहत पाने के लिए किया जाता था। नए चीफ जस्टिस खन्ना ने न्यायिक सुधारों के लिए नागरिक-केंद्रित एजेंडे की रूपरेखा तैयार की है और कहा है कि न्याय तक आसान पहुंच सुनिश्चित करना और नागरिकों के साथ उनकी स्थिति की परवाह किए बिना समान व्यवहार करना न्यायपालिका का संवैधानिक कत्र्तव्य है।

## राहुल के विमान में तकनीकी खराबी, किसानों से मांगी माफी



**नई दिल्लीः** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्षता तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के विमान में मंगलवार को अचानक तकनीकी खराबी आ गई, जिसके कारण वह महाराष्ट्र के चिखली में मंगलवार को चुनावी सभा को संबोधित करने नहीं पहुंच सके और इसके लिए उन्होंने किसानों से माफी मांगी है। श्री गांधी ने एक वीडियो जारी कर यह सूचना दी और कहा कि वह महाराष्ट्र के किसानों की स्थिति समझते हैं और इस बारे में उनकी समस्या जानना चाहते थे, लेकिन विमान में तकनीकी खराबी के कारण वह किसानों से मिलने में असमर्थ हैं और इसके लिए वह किसानों से माफी मांगते हैं। उन्होंने इस संबंध में जारी एक वीडियो में कहा कि नमस्कार, मैं आप सभी से माफी चाहता हूं। मुझे आज चिखली आना था। वहां मुझे सोयाबीन के किसानों से मिलना था और एक जनसभा को संबोधित करना था, लेकिन हवाई जहाज में तकनीकी खराबी के कारण नहीं आ पाया।

## पीएम मोदी का एमवीए पर तीखा हमला विकास पर ब्रेक लगाने में ही पीएचडी



**एजेंसी/ मुंबईः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिला के चिमूर में एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाड़ी (एमवीए) पर जमकर निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा कि महाराष्ट्र का तेज विकास, अघाड़ी वालों के बस की बात नहीं है। अघाड़ी वालों ने केवल विकास पर ब्रेक लगाने में ही पीएचडी की है। कामों को अटकाने, लटकाने और भटकाने में कांग्रेस वाले तो डबल पीएचडी हैं। इन्होंने अपने 2.5 साल में मेट्रो से लेकर, वधावन पोर्ट और समृद्धि महामार्ग जैसी विकास परियोजना को रोकने का काम किया, इसलिए याद रखिए अघाड़ी यानी भ्रष्टाचार के सबसे बड़े खिलाड़ी। पीएम मोदी ने कहा कि महाराष्ट्र में चुनाव के क्या नतीजे आने वाले हैं, ये आप लोगों ने आज ही दिखा दिया है। ये जनसैलाब बता रहा है कि महाराष्ट्र में महायुति की भारी बहुमत से सरकार बनने जा रही है। चिमूर की जनता ने और पूरे महाराष्ट्र ने ठान लिया है- भाजपा- महायुति की सरकार आएगी, विकास की गति जारी रहेगी, महाराष्ट्र की प्रगती जारी रहेगी । उन्होंने कहा कि कांग्रेस और अघाड़ी वाले देश को पीछे करने का, देश को कमजोर करने का कोई मौका नहीं छोड़ते। महायुति की सरकार किस स्पीड से काम करती है और ये अघाड़ी वालों की जमात कैसे कामों को रोकते हैं, चंद्रपुर के लोगों से बेहतर ये बात और कौन जानेगा।

यहां के लोग दशकों से रेल कनेक्टिविटी की मांग कर रहे थे, लेकिन कांग्रेस और अघाड़ी वालों ने कभी भी ये काम होने नहीं दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि महायुति के साथ-साथ केंद्र में एनडीए की सरकार यानी महाराष्ट्र में डबल इंजन की सरकार, यानी विकास की डबल रफ्तार। महाराष्ट्र के लोगों पिछले 2.5 वर्षों में विकास की इस डबल रफ्तार को देखा है। आज महाराष्ट्र देश का वो राज्य है, जहां सबसे ज्यादा विदेशी निवेश हो रहा है। यहां नए एयरपोर्ट्स बन रहे हैं, नए एक्सप्रेस वे बन रहे हैं। आज महाराष्ट्र में करीब एक दर्जन वंदे भारत ट्रेनें चल रही हैं, यहां के 100 से ज्यादा रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प किया जा रहा है, कई रेलमार्गों का विस्तार हो रहा है।

आरक्षण से चिढ़ती है कांग्रेसः प्रधानमंत्री ने आदिवासी समाज को संबोधित करते हुए कहा कि अगर आप एक नहीं रहे, आपकी एकजुटता टूटी, तो सबसे पहले कांग्रेस आपका आरक्षण छीन लेगी। कांग्रेस के शाही परिवार की हमेशा से मानसिकता रही है कि वो इस देश वे राज करने के लिए ही पैदा हुआ है। आजादी के बाद इसलिए ही कांग्रेस ने दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों को आगे नहीं बढ़ने दिया। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस आरक्षण से चिढ़ती है। कांग्रेस और उसके साथियों ने आपको सिर्फ और सिर्फ खूनी खेल दिए हैं। ये हमारी सरकार है जिसने नक्सलवाद पर लगाम लगाई है। आज ये पूरा क्षेत्र खुलकर सांस ले पा रहा है। अब चिमूर और गढ़ चिरौली के क्षेत्र में नए अवसर बन रहे हैं। इस क्षेत्र में नक्सलवाद फिर से हावी न हो जाए, इसके लिए आपको कांग्रेस और उसके साथियों को यहां फटकने भी नहीं देना है।




## डोनाल्ड ट्रंप का बड़ा फैसला, एलन मस्क और विवेक रामास्वामी को सौंपा सरकारी दक्षता विभाग का नेतृत्व

**नई दिल्लीः** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टेस्ला के सीईओ एलन मस्क और विवेक रामास्वामी को सरकारी दक्षता विभाग का नेतृत्व सौंपा है। ट्रंप का कहना है कि मस्क और रामास्वामी उनकी सरकार में नौकरशाही को खत्म करने, अनावश्यक नियमों को घटाने, फिजूल खर्चों में कटौती और संघीय एजेंसियों के पुनर्गठन में मदद करेंगे। ट्रंप अपने प्रशासन में उन लोगों को शामिल कर रहे हैं जो उनके अमेरिका फर्स्ट दृष्टिकोण के तहत सीमा सुरक्षा, व्यापार, राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक मुद्दों पर काम करेंगे।

ट्रंप ने मस्क की तारीफ करते हुए कहा कि प्रचार के दौरान मस्क ने उनके साथ दो हफ्ते बिताए और उन्हें मस्क के अंतरिक्ष मिशन के बारे में जानकर बेहद प्रेरणा मिली। ट्रंप ने कहा, मस्क एक रॉकस्टार हैं और मैं उनसे बेहद प्रभावित हूं। ट्रंप के साथ मस्क की दोस्ती ने उनकी संपत्ति में भी इजाफा किया। ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद से मस्क की नेटवर्थ 300 अरब डॉलर के पार पहुंच गई है। मात्र 8 दिनों में मस्क ने 73 अरब डॉलर की कमाई की, जिससे उनकी संपत्ति 5 नवंबर के 262 अरब डॉलर से बढ़कर 11 नवंबर को 335 अरब डॉलर (25,32,331.54 करोड़ रुपये) हो गई।

हालांकि, 12 नवंबर को मस्क की संपत्ति में 15.5 अरब डॉलर की गिरावट दर्ज की गई। इसके बावजूद, मस्क 300 अरब डॉलर से अधिक की संपत्ति रखने वाले दुनिया के एकमात्र अरबपति हैं। इस वर्ष अब तक उन्होंने कुल 90 अरब डॉलर की कमाई की, जिससे उनकी कुल संपत्ति 319 अरब डॉलर हो गई है।



## 14 माह में पहली बार आरबीआई की हद से निकली खुदरा महंगाई

**नई दिल्लीः** खाने-पीने की चीजें महंगी होने से अक्तूबर महीने में रिटेल महंगाई दर बढकर 6.21 फीसदी पर पहुंच गई, जो इससे पिछले महीने यानी सितंबर में 5.49 फीसदी थी। यह महंगाई का 14 महीनों का उच्चतम स्तर है। मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार ऐसा मुख्य रूप से खाद्य वस्तुओं के दाम बढ़ने के कारण हुआ है। इस तरह खुदरा महंगाई 14 महीने बाद भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के छह प्रतिशत के संतोषजनक स्तर के ऊपर निकल गई है। सरकार ने केंद्रीय बैंक को मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत (दो प्रतिशत घट-बढ़) पर रखने की जिम्मेदारी दी हुई है। महंगाई बढ़ने से आरबीआई के ब्याज दरों में कटौती की संभावना एक बार फिर क्षीण हो गई है। आरबीआई ने पिछले महीने नीतिगत दर रेपो को 6.5 प्रतिशत पर यथावत रखा था।

महंगाई की बास्केट में लगभग 50 फीसदी योगदान खाने-पीने की चीजों का होता है। इसकी महंगाई महीने-दर-महीने आधार पर 9.24 फीसदी से बढकर 10.87 फीसदी हो गई है। वहीं ग्रामीण महंगाई 5.87 फीसदी से बढकर 6.68 फीसदी और शहरी महंगाई 5.05 फीसदी से बढकर 5.62 फीसदी हो गई है।

## मोतिहारीः ट्रक से 378 किलो गांजे के साथ पांच तस्कर गिरफ्तार

**मोतिहारीः** पुलिस ने 378 किलो गांजे के साथ पांच तस्करों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने एक ट्रक, एक स्कॉर्पियो और नकद भी बरामद किया। एसपी स्वर्ण प्रभात को मिली गुप्त सूचना के आधार पर अरेराज डीएसपी रंजन कुमार के नेतृत्व में पहाड़पुर थाना पुलिस ने यह कार्रवाई की और तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि तस्करों ने गांजे को एक ट्रक में छुपाकर रखा था।

## बोकारो नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की पहली बैठक का आयोजन

**बोकारो :** राजभाषा नीति को बढ़ावा देने के साथ उसके कार्यान्वयन में आने वाली मुश्किलों को दूर करने तथा राजभाषा के प्रगामी प्रयोग हेतु बोकारो नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) की वर्ष 2024 -25 की पहली बैठक बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी की अध्यक्षता में बोकारो निवास के सम्मेलन कक्ष में आयोजित की गई. बैठक में भारत सरकार के राजभाषा विभाग, उप निदेशक (कार्यान्वयन) पूर्वी क्षेत्र विचित्र सेन गुप्त सहित बीएसएल के अन्य अधिकारी तथा बोकारो नराकास के सदस्य संगठनों के प्रधान उपस्थित थे.बैठक की शुरूआत परम्परागत तरीके से अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर की गई. तत्पश्चात बीएसएल के महाप्रबंधक (संपर्क एवं प्रशासन) सी आर के सुधांशु ने सभी सदस्य संगठनों के प्रधान प्रतिनिधियों से परिचय कराया तथा अतिथियों का स्वागत किया. बीएसएल के सहायक महाप्रबंधक (संपर्क एवं प्रशासन) शशांक शेखर ने पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन की स्थिति पर प्रकाश डाला.सदस्य संगठन के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी ने सभी को कार्यालयीन कार्यों में हिन्दी का अधिकाधिक उपयोग सुनिश्चित करने का आह्वान किया तथा कहा कि सभी संस्थान अपने यहाँ होने वाली बैठकों के कार्यवृत्त को हिंदी भाषा में जारी करें तथा राजभाषा से सम्बंधित आँकड़े को सहीरूप में भरें. उन्होंने कहा कि नवीनतम तकनीकों, ई-टूल्स इत्यादि के माध्यम से राजभाषा कार्यान्वयन की दिशा में मदद मिली है और इसे आगे भी गति देने की जरूरत है. उप निदेशक (कार्यान्वयन) पूर्वी क्षेत्र विचित्र सेन गुप्त ने भी बोकारो नराकास में राजभाषा कार्यान्वयन सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. बैठक के दौरान उपस्थित सभी सदस्य संगठनों के प्रतिनिधियों ने राजभाषा के प्रचार-प्रसार को गति प्रदान करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की. अंत में सहायक महाप्रबंधक (संपर्क एवं प्रशासन) शशांक शेखर ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## बीएसएल के इस्पात भवन में नवीकृत क्रेच का उद्घाटन

**बोकारो :** बीएसएल में कार्यरत महिला कर्मियों के छोटे बच्चों को अब इस्पात भवन में अवस्थित क्रेच (शिशु सदन) में और भी बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी. ₹किलकारी₹ नामक शिशु सदन के इन नवीकृत सुविधाओं का उद्घाटन बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी ने किया. इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (परियोजना एवं अतिरिक्त प्रभार एम एम) सी आर महापात्रा, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (एच आर एवं अतिरिक्त प्रभार संकार्य) राजन प्रसाद, अधिशासी निदेशक (माइंस) जयदीप दासगुप्ता, सीएमओ इंचार्ज डॉ बी बी करुणामय सहित अन्य वरीय अधिकारी तथा बीएसएल की महिला कर्मी उपस्थित थे.नवीकृत सुविधाओं से लैस किलकारी शिशु सदन का संचालन एक पेशेवर संस्था सतनाव प्रीस्कूल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जाएगा जिनके प्रोफेशनल व प्रशिक्षित कर्मी क्रेच में बच्चों की देख-भाल करेंगे. क्रेच से लाइव स्ट्रीमिंग की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, साथ ही यहाँ बच्चों की सुरक्षा के पुख्ता इंतेजाम किए गए हैं. क्रेच में बच्चों के आराम के साथ-साथ उनके मनोरंजन और फन एक्टिविटी की व्यवस्था भी की गई है और शिशु सदन भवन व परिसर को आकर्षक एवं सुसज्जित बनाया गया है.किलकारी₹ क्रेच की सुविधा का लाभ बीएसएल में कार्यरत वैसे महिला कर्मी उठा सकते हैं जिनके बच्चे छः माह से छः साल तक की उम्र के हैं. क्रेच सभी कार्य दिवस (सोमवार से शनिवार) सुबह 8 बजे से संध्या 6 बजे तक खुला रहेगा। इस सुविधा का लाभ उठाने को इच्छुक बीएसएल की महिला कर्मी परिपत्र संख्या इरछ/ढएफ्र/फ्रू-39/2015-385, दिनांक 14/03/2015 के तहत अपना आवेदन जमा कर सकते हैं।

## बीएसएल के किरीबुरू आयरन ओर माइंस की क्यू सी टीम ने कोलंबो में जीता गोल्ड

**बोकारो :** बीएसएल के किरीबुरू आयरन ओर माइंस की क्वालिटी सर्किल (क्यू सी) टीम उन्नति को कोलंबो, श्रीलंका में आयोजित इंटरनेशनल कन्वेंशन ऑन क्वालिटी कन्ट्रोल सर्किल (आई सी क्यू सी सी - 2024) में गोल्ड अवार्ड अवार्ड प्राप्त हुआ है. किरीबुरू आयरन ओर माइंस की क्यू सी टीम उन्नति को उनकी इस सफलता पर बीएसएल के वरीय अधिकारीयों ने बधाई दी है।

## योगी आदित्यनाथ कल जनसभा को करेगें संबोधित : बिरंची नारायण

**बोकारो** : एनडीए प्रत्याशी बिरंची नारायण ने आगामी 14 नवंबर सुबह 11 बजे यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विशाल जनसभा सेक्टर 5 के पुस्तकालय मैदान पर होना सुनिश्चित हुआ है। उसके तहत आज उन्होंने सभा स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि बोकारो वासियों को काफी गर्व की बात है की यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का आगमन बोकारो की पावन धरती पर होने वाली है जहां बोकारो निवासी मुख्यमंत्री आदित्यनाथ का भव्य स्वागत और अभिनंदन करेंगे । बोकारो विधानसभा की जनता से लाखों की संख्या में पहुंचकर इस सभा को सफल बनाने का आग्रह किया। मौके पर कमलेश राय, मिहिर सिंह ,संजय त्यागी,संजय पाण्डेय, संतोष विधायक, एसडीएन सिंह मौजूद रहे।

## पूर्वी सिंहभूम जिले की छह विस सीट पर शांतिपूर्ण मतदान शुरू

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिले की सभी छह विधानसभा सीटों पर बुधवार को सुबह 7:00 बजे से मतदान शुरू हुआ. ग्रामीण क्षेत्र की अपेक्षा शहरी क्षेत्र में मतदान धीमा रहा. निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार सुबह 11:00 तक जिले की सभी विधानसभा सीट पर 34% ही मतदान हो पाया है. नक्सल प्रभावित एवं सुदूरवर्ती क्षेत्र में शाम 4:00 बजे तक ही वोट डाले जाएंगे. जबकि जमशेदपुर पूर्वी एवं पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में शाम 5:00 बजे तक मतदान होगा. ग्रामीण क्षेत्रों में समय अवधि कम होने के कारण सुबह में मतदान करने के लिए कई बूथ पर लोगों की भारी भीड़ दिखी. लोग कतार में खड़े होकर अपनी बारी के इंतजार करते दिखेत. जबकि शहरी क्षेत्र में कहीं-कहीं कतार दिखाई दिया. अन्य क्षेत्रों में इक्का-दुक्का लोग ही मतदान करने आते दिखाई दिए. सुबह 11 बजे तक बहरागोड़ा में 33.97 प्रतिशत, घाटशिला में 32.15 प्रतिशत, पोटका में 31.02 प्रतिशत, जुगसलाई में 30.89 प्रतिशत, जमशेदपुर पूर्वी में 23.30 प्रतिशत तथा जमशेदपुर पश्चिम में 22.29 प्रतिशत ही मतदान हो पाया.

## चाईबासा में 2 घंटे में 14.37% मतदान

चाईबासा : पश्चिमी सिंहभूम के 1400 से अधिक मतदान केंद्रों में बुधवार सुबह 7 से मतदान जारी है. पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान चल रहा है. सुबह से ही मतदान केंद्रों में ग्रामीणों की लंबी कतार लगी है. कैबिनेट मंत्री दीपक बिरुवा के अलावा उपायुक्त ने भी अपना मताधिकार का इस्तेमाल किया है.

इधर कई बूथों पर ईवीएम खराब होने के कारण देर से मतदान की प्रक्रिया शुरू हुई. जबकि कुछ बूथों पर वोट बहिष्कार करना भी शुरू हो गया है. चक्रधरपुर प्रखंड के जेनासाई और सेंगेलडीपी बूथ में मतदाताओं ने वोट बहिष्कार का निर्णय लिया है. ग्रामीणों का कहना है कि जब तक सड़क नहीं बनेगी, तब तक इस मतदान केंद्र में वोट नहीं होगा. यह पहली बार नहीं है, जब मतदाताओं ने वोट बहिष्कार किया है, इससे पहलै भी इस मतदान केंद्र में कई बार वोट बहिष्कार हो चुका है. जब भी चुनाव होता है, ग्रामीण एकजुट होकर वोट का बहिष्कार करते हैं.

# कोल्हान के वोटरों में उत्साह

मेट्रो रेज संवाददाता

**जमशेदपुरः** झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान सुबह सात से ही शुरू हो गया है. इस दौरान मतदाताओं में जबरदस्त उत्साह नजर आया. मतदान शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से हो इसे लेकर प्रशासन द्वारा व्यापक व्यवस्था की गई है.

पहले पहले चरण में पूर्वी सिंहभूम जिले के छह विधानसभा सीटों के लिए मतदान हो रहा है. सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान की प्रक्रिया चलेगी. पूर्वी सिंहभूम के छह विधानसभा के कुल 1913 मतदान केंद्र बनाए गए हैं. कुल 18 लाख, 78 हजार, 707 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे. आपको बता दें कि पूर्वी सिंहभूम जिले के छह विधानसभा सभा सीटों के लिए कुल 110 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं. पोटका विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र से जानकारी देते ईटीवी भारत संवाददाता जितेंद्र कुमार. (वीडियो-ईटीवी भारत)

मतदान केंद्रों और उसके आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस जवानों की तैनाती की गई है. साथ ही मतदान केंद्रों



पर दिव्यांगों के लिए खास व्यवस्था की गई है, ताकि दिव्यांग वोटर्स को परेशानी का सामना न करना पड़े.

झारखंड विधानसभा चुनाव में इस बार कोल्हान प्रमंडल में झारखंड के 4 पूर्व मुख्यमंत्रियों की साख प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से दांव पर है. पूर्व मुख्यमंत्री मंत्री सह पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा पोटका विधानसभा से पहली बार चुनाव लड़ रही हैं.

वहीं पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की पत्नी गीता कोड़ा भी चुनाव लड़ रही हैं. साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान में ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास की बहू पूर्णिमा दास जमशेदपुर पूर्वी सीट से चुनावी मैदान में हैं. वहीं पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन खुद सरायकेला से चुनाव लड़ रहे हैं और उनके पुत्र बाबूलाल सोरेन घाटशिला विधानसभा क्षेत्र से चुनावी मैदान में हैं.

वहीं झारखंड विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में कुल 43 सीटों के लिए वोटिंग हो रही है. कुल 1 करोड़, 37 लाख मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे. जबकि कोल्हान की सभी 14 सीटों के लिए 4232 मतदान केंद्र पर मतदान शुरू हो गया है. कोल्हान में कुल 38 लाख, 37 हजार, 103 मतदाता मतदान करेंगे.

# केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, लोगों से भी की वोट डालने की अपील

मेट्रो रेज संवाददाता

**कोडरमाः** लोकतंत्र के महापर्व में हर कोई अपनी भागीदारी निभाने के लिए पोलिंग बूथों पर पहुंच रहा है। सुबह से ही लोगों में काफी उत्साह दिखाई दे रहा है। चूंकि हर पांच वर्ष के अंतराल के बाद एसा अवसर आता है इसलिये सुबह से ही लोग कतारबद्ध तरीके से यहां पहुंच रहे हैं, इन में से कुछ मतदाता ऐसे भी हैं जो पहली बार मतदान कर रहे हैं। क्या आम क्या खास हर किसी में मतदान को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा हैं और लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए पोलिंग बूथों पर पहुँच रहें हैं।

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपुर्णा देवी भी अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए करियावर के बूथ संख्या 196 पर पहुंचीं और अपने और अपने परिवार संग मताधिकार का प्रयोग किया।

अन्नपूर्णा देवी न बताया कि मतदान के प्रति लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। उन्होंने घरों में बैठे लोगों से अपील करते हुए कहा कि लोग घरों से बाहर



निकलें और सबसे पहले मतदान करें उसके बाद कोई दूसरा काम।

अन्नपूर्णा देवी ने इंडिया गठबंधन सहित हेमंत सरकार पर जमकर निशाना साधा और कहा कि इंडिया गठबंधन ठगों की जमात है तथा हेमंत सरकार ने राज्य के युवाओं, महिलाओं व किसानों को ठगने का काम किया है। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि राज्य की जनता बेटी, माटी और रोटी के लिए इस बार वोट करेगी और राज्य में जो समस्यायें हैं उनके हल करने के लिये सरकार बनाएगी।

## चेकिंग के दौरान कार सवारों से 1.90 लाख नकद बरामद

चान्हो। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जिले में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। इसी क्रम में चान्हो के होन्हे मोड़ के पास एनएच-39 पर बनाए गए चेकपोस्ट पर पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान एक कार से 1 लाख 90 हजार रुपये नकद बरामद किए। कार में सवार दोनों व्यक्ति चंदवा के निवासी बताए जा रहे हैं, जो रांची की ओर जा रहे थे। चान्हो थाना प्रभारी चन्दन कुमार गुप्ता ने बताया कि चान्हो और लोहरदगा के बॉर्डर पर स्थित होन्हे मोड़ चेकपोस्ट पर एसएसटी और पुलिस की टीम ने रोजाना की तरह वाहनों की सघन जांच शुरू की थी। इसी दौरान, करीब 11 बजे एक संदिग्ध कार को रोका गया, जिसमें दो लोग सवार थे। तलाशी के दौरान उनके पास से तय सीमा से अधिक नकद राशि मिली। इस मामले में पुलिस ने बरामद नकदी को जब्त कर लिया है और दोनों लोगों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह जांच कर रही है कि इतनी बड़ी नकद राशि के साथ वे किस उद्देश्य से यात्रा कर रहे थे और इसका चुनाव से कोई संबंध है या नहीं।

## विक्षिप्त व्यक्ति ने वृद्ध महिला को मौत के घाट उतारा, गुस्साए ग्रामीणों ने आठ घंटे रखा सड़क जाम

**चाईबासा :** चक्रधरपुर थाना क्षेत्र की जामिद पंचायत के जामिद गांव में एक विक्षिप्त व्यक्ति ने एक वृद्ध महिला की हत्या कर दी. इससे गुस्?साए ग्रामीणों ने मंगलवार को चक्रधरपुर सोनुआ मुख्य मार्ग को आठ घंटे जाम रखा. मृतका के परिजनों को दो लाख रुपये का मुआवजा दिए जाने के आश्वासन के बाद दिन के लगभग दो बजे ग्रामीणों ने सड़क जाम हटाया. बताया जाता है कि जामिद गांव में सोमवार शाम मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति करमू महतो ने धारदार हथियार से गांव की एक वृद्ध महिला प्रिया देवी के गर्दन पर हमला कर हत्या कर दी थी. घटना को अंजाम देने के बाद विक्षिप्त युवक करमू महतो फरार होकर दूसरे गांव में धारदार हथियार लहराते घूमने लगा. इधर घटना की सूचना पाकर चक्रधरपुर पुलिस ने गांव पहुंचकर उसे गिरफ्तार कर लिया.

ग्रामीणों ने जब इसकी जानकारी घटना को अंजाम देने वाले करमू महतो के भाई संदीप महतो को दी, तो उसने भी ग्रामीणों को धमकाना शुरू कर दिया. इस बात से नाराज ग्रामीणों ने मंगलवार सुबह सात बजे चक्रधरपुर सोनुआ मुख्य मार्ग पहुंचकर जलवे देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर से कुछ दूरी पर सड़क जाम कर दिया. सूचना मिलने पर अंचलाधिकारी सुरेश कुमार, थाना प्रभारी राजीव रंजन, अन्य अधिकारी व जवान मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझने का प्रयास किया.

# दोहरी जवाब देही का निर्वहन

बिनय मिश्रा

बेहतर विधि व्यवस्था शांति के साथ चुनाव संपन्न करना लोगों की परेशानी जानना सुनना और उसका समाधान करने के साथ-साथ मतदान करने आए व्यक्ति को किसी प्रकार की कठिनाई और परेशानी का सामना न करना पड़े इसके लिए भी व्यापक रूप से निरंतर जुटे रहना यह सभी बातें उसे समय देखने को मिली जब विधानसभा चुनाव के दौरान मतदाता शारीरिक कष्ट के बावजूद मतदान करने मतदान केंद्र पहुंचाना चाहा और इसे गढ़वा जिला के रंका अंचल के पुलिस निरीक्षक सहथाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने देखा तो उन्होंने स्वयं इस व्यक्ति को मतदान केंद्र तक पहुंचाने की जवाब देही का निर्वहन किया और उसे मतदान केंद्र पहुंचा कर उस व्यक्ति को मतदान कराया पुलिस का यह आत्मीय रूप देखकर लोग यह कह उठे पुलिस बेहतर विधि व्यवस्था शांति व्यवस्था के साथ-साथ मानवता का भी एक उत्कृष्ट उदाहरण है इसी के फल स्वरुप यह कहा जा सकता है कि -

हम हैं हम हैं झारखंड पुलिस सबों की लेगें सुधि और करेंगे यथोचित मदद और सम्मान।



मधुमेह दिवस पर विशेष

# झारखण्ड के प्रख्यात मधुमेह विशेषज्ञ डॉ सौम्यसेन गुप्ता की जानकारी है अति लाभकारी

बिनय मिश्रा

झारखण्ड के प्रख्यात मधुमेह विशेषज्ञ ने मधुमेह दिवस पर मधुमेह से बचाव और सुरक्षा के लिए सटीक जानकारी देकर लोगों से मधुमेह की सुरक्षा और बचाव का कारगर उपाय भी बताया है। झारखण्ड के लोकप्रिय और मधुमेह के विशेष जानकार डॉ0 सौम्यसेन गुप्ता मधुमेह से बचाव और सुरक्षा के लिए देश भर के कई राज्यों में आयोजित सेमिनार में मधुमेह के संदर्भ में लाभकारी जानकारी देकर लोगों को कारगर बचाव देकर चिकित्सकों के साथ-साथ लोगों को भी जागरूक किया है। मधुमेह दिवस पर डॉ0 सौम्यसेन गुप्ता ने कहा है कि मधुमेह वर्तमान समय में एक बढ़ती स्वास्थ्य समस्या के साथ-साथ एक चुनौती भी है। किन्तु हम मधुमेह से बचाव की जानकारी हासिल कर इसके विरूद्ध अभियान चला सकते हैं इसके लिए हमें मधुमेह के प्रभाव को कम करने के लिए हमें नियमित व्यायाम करना चाहिए जिससे कि शरीर स्वस्थ रहने के साथ-साथ रोग से लड़ने की क्षमता हासिल कर सके। हमें अपने जीवन में सर्वप्रथम सरल व्यायाम को अपनाना चाहिए और मित्रगण के साथ-साथ खेल-खेल में ही अपने स्वास्थ्य की





सूधि भी लेना चाहिए। ऐसे कारगर प्रयास हमें काफी बेहतर माहौल और शरीर को स्वस्थ रखने में काफी मदद करते हैं। उन्होंने बताया कि देश के विभिन्न राज्यों में मधुमेह से संबंधित आयोजित सेमिनार में उन्होंने हमेशा मधुमेह को चुनौती बताया तो उसके लिए कारगर उपाय भी बताया है और मधुमेह के रोगियों को समुचित देखभाल के प्रति जागरूकता भी रखनी चाहिए। स्वस्थ भोजन हमारे शरीर को स्वस्थ रखते हैं और अच्छी नींद भी काफी जरूरी है इसके लिए हमें चाहिए कि हम बेहतर माहौल के साथ-साथ अच्छी नींद भी ग्रहण करें चिंतामुक्त जीवन हमें स्वस्थ रखने में काफी सहायक होते हैं। हम इस बदलाव को बेहतर रूप से अपनाकर अपने जीवन को स्वस्थ रख सकते हैं। मधुमेह दिवस पर यह कारगर जानकारी निश्चित तौर पर काफी उपयोगी और बेहतर है तथा मधुमेह के प्रति सचेष्ट रहने और उनकी समुचित देखभाल की जानकारी मधुमेह विशेषज्ञ के द्वारा दिया जाना काफी उपयोगी और कारगर है। इसलिए हमें ऐसे चिकित्सक पर गर्व है और इनकी सेवा-भावना निश्चित तौर पर उत्कृष्ठ और बेहतर है, क्योंकि यह भी छोटे बदलाव हमारे जीवन और स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं और हम प्रसन्नचित रहते हैं।

## निर्भीक हो कर करें अपने मताधिकार का प्रयोग : डीईओ

दुमका : जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ)आंजनेयुलु दोड्डे ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली से प्राप्त निर्देश के आलोक में झारखण्ड राज्य अन्तर्गत विधानसभा आम चुनाव 2024-हेतु सभी मतदाता जिन्हें निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किये गये है, मतदान स्थल पर मत डालने से पहले पहचान सुनिश्चित करने हेतु अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र (एढक्छ) दिखाएंगे तथा ऐसे निर्वाचक, जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र (एढक्छ) प्रस्तुत नहीं कर पाते है, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा, तद्नुसार निम्न दस्तावेज पहचान हेतु स्वीकार किये जायेंगे-

1 निर्वाचर्क फोटो पहचान पत्र

वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजः-

2 आधार कार्ड

3 मनरेगा जॉब कार्ड

4 बैकों / डाकघरों द्वारा जारी की गई फोटोयुक्त पासबुक

5 श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड,

6 ड्राइविंग लाइसेंस

7 पैन कार्ड

8 एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड

9 भारतीय पासपोर्ट

10 फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज

11 केन्द्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान-पत्र,

12 सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र

13 यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार।

किसी अन्य विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक रेजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जारी किया गया निर्वाचक फोटो पहचान पत्र भी पहचान स्थापित करने हेतु स्वीकृत किये जायेंगे बशर्ते निर्वाचक का नाम जहां वह मतदान करने आया है।